आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

# राम मंदिर







# दर्शन को उमड़ा भक्तों का रेला

**अयोध्या ( एजेंसी )** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने वालों का रेला लगना शुरू हो गया है। रामलला के दर्शन के लिए देश भर में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हैं। अयोध्या पहुंच रहे हजारों भक्त किसी भी तरह जल्द से जल्द मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन करना चाह रहे हैं। मंगलवार (23 जनवरी) की सुबह से ही श्रीराम जन्मभूमि पर बने मंदिर के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई है। भक्तों की भीड़ इतनी थी कि मंदिर के द्वार समय से पहले खोलने पड़े। तड़के 2 बजे से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पहली सुबह श्री राम लला की पूजा-अर्चना करने और उनके दर्शन करने के लिए भक्त सुबह 3 बजे से ही बड़ी संख्या में जमा हो गए।

राम मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर देर रात से ही भक्तों की लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई। तड़के 2 बजे से ही बड़ी (शेष पृष्ठ-3 पर)


श्री रामलला के अमिताभ बच्चन ने किये दर्शन

## सुबह छह बजे से रामलला के दर्शन

नए मंदिर में सुबह 3:30 से 4:00 बजे पुजारी मंत्र से रामलला को जगाएंगे, फिर मंगला आरती होगी। 5:30 बजे श्रृंगार आरती व 6 बजे से दर्शन शुरू होंगे। दोपहर में मध्याह्न भोग आरती होगी। फिर उत्थापन, संध्या आरती व भगवान को सुलाते वक्त शयन आरती होगी। पहला मौका होगा जब रामलला की भोग-सेवा सभी मानक पद्धतियों से होगी। 40 दिन तक रोज रामलला का शेष अभिषेक होगा। 60 दिन तक कलाकार स्वरांजलि देंगे।

## दोपहर में हर घंटे लगेगा भोग

दोपहर में रामलला को पूड़ी-सब्जी, रबड़ी-खीर के भोग के अलावा हर घंटे दूध, फल व पेड़े का भी भोग लगेगा। रामलला सोमवार को सफेद, मंगलवार को लाल, बुधवार को हरा, बृहस्पतिवार को पीला, शुक्रवार को क्रीम, शनिवार को नीला व रविवार को गुलाबी रंग वस्त्र पहनेंगे। विशेष दिनों में वे पीले वस्त्र धारण करेंगे। अब रामलला की 24 घंटे के आठों पहर में अष्टयाम सेवा होगी। इसके अलावा रामलला की छह बार आरती होगी। आरती में शामिल होने के लिए पास जारी होंगे। अब तक रामलला विराजमान की दो आरती होती थीं।



## 11 करोड़ का मुकुट

राम मंदिर में भगवान के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। सूरत में ग्रीन लैब डायमंड कंपनी के मालिक मुकेश पटेल ने भगवान राम को सोने, हीरे और कीमती रत्नों से सजा 6 किलोग्राम वजन का मुकुट भेंट किया है। बता दें कि मुकेश पटेल परिवार सहित अयोध्या गए और मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों को तैयार किया गया मुकुट भेंट किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान राम मंदिर के मुख्य पुजारी और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी चंपत राय को यह मुकुट सौंपा गया। अब इसे भगवान धारण करेंगे।

गुजरात के सूरत के हीरा कारोबारी मुकेश ने अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में स्थापित राम लला की मूर्ति के लिए एक 'मुकुट' दान किया है जिसका मूल्य 11 करोड़ रुपये है। इस मुकुट को नवनिर्मित

# शौर्य व पराक्रम के प्रतीक थे सुभाष चंद बोस : मुख्यमंत्री



**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता सेनानी व आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाष चंद बोस की जयंती पर श्रद्धांसुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं में ऊर्जा भरी। भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। न केवल भारत, बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को कैसे आगे ले जाना है, नेताजी ने उस समय इसकी गजब रणनीति तैयार की थी।

परिवर्तन चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री योगी (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सड़क हादसों में चार बाइक सवारों की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना सेक्टर 142 क्षेत्र के सेक्टर 137 स्थित फेलिक्स अस्पताल के पास बाइक पर तेज गति में आ रहा युवक की बाइक स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर स्लिप हो गई। इस हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोटे आई। राहगीरों ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जांच के युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कानपुर देहात निवासी नागेंद्र सिंह के रूप में हुई। नागेंद्र शहदरा गांव में रह रहा था और एक निजी कंपनी में काम करता था।

थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-85 में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार के मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ब्रिज विहार कॉलोनी मुरादनगर गाजियाबाद निवासी हरविंदर सिंह के रूप में हुई। हरविंदर मुरादनगर से एक कंपनी में काम करने के लिए आया था।

थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के गढ़ी गोल चक्कर की सर्विस रोड पर तेज गति में आ रही दो बाईके आपस में टकरा गई। इस हादसे में बहलोलपुर में रहने वाला रोहित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस उसे उपचार के लिए कैलाश अस्पताल लेकर पहुंची। जांच में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मूल रूप से बिहार का रहने वाला था।

गढ़ी गोल चक्कर के पास ही ट्रैक्टर ट्राली और टोला के बीच आने के कारण बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया उपचार के लिए उसे नजदीक के अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान ग्राम पृथला खंजरपुर निवासी मिथुन पुत्र धर्मवीर के रूप में हुई। हादसे के बाद ट्रोला और ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गए।

# दंपति पर फायरिंग करने वाले जेल भेजे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रास्ते में साइड न देने के बाद में दंपति के साथ मारपीट करने तथा फायरिंग करने के चार आरोपियों को थाना जेवर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।

ग्राम लोदाना निवासी प्रयाग ने बताया कि बीते 21 जनवरी को साइड न देने को लेकर गांव के ही उधम, सागर ,रोहित व आशीष से उसका वाद विवाद हो गया था। उस समय गांव के लोगों ने विवाद को शांत करा दिया था। शाम के समय वह अपने घर पर परिजनों के साथ बैठा हुआ था इस दौरान चारों आरोपी उसके घर आ धमके और गाली गलौज करनी शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी पत्नी के सिर पर लोहे की रोड से वार किया। जब वह बीच बचाव के लिए आया तो आरोपियों ने तमंचे से फायर कर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। शोर शराब सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से दो तमंचे व कारतूस बरामद हुए हैं।

# क्राइम फाईल

## महिन्द्रा थार के टायर चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 11 में मॉडर्न स्कूल के पास खड़ी एक महिन्द्रा थार कार से चोर स्टेपनी सहित तीन पहिए चोरी कर ले गए। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने करीब 25 दिन बाद चोरी के इस मामले को दर्ज किया है। सेक्टर-11 आर ब्लॉक में रहने वाले मोहित अग्रवाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी थार गाड़ी मॉडर्न स्कूल के पास खड़ी की थी। बीते 27 दिसंबर की रात्रि को 2 से 6 बजे के बीच उनकी थार गाड़ी के स्टेपनी सहित तीन पहियों को चोरों ने चोरी कर लिया। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत डॉयल-112 पर दी मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन के बाद वापस लौट गई। घटना को करीब 25 दिन बीतने के बाद पुलिस ने चोरी के इस मामले को दर्ज किया है।

## गेट पर गार्ड, कंपनी से तार के बंडल साफ

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।।** सेक्टर ईकोटेक-8 स्थित बीवीजी इंडिया लिमिटेड कंपनी से चोरों ने कॉपर तार के बंडल चोरी कर लिए। हैरानी की बात यह है कि कंपनी में 24 घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। इसके बावजूद भी चोर कंपनी में चोरी की घटना को अंजाम देने में कामयाब रहे। वीवीजी इंडिया लिमिटेड कंपनी के विवेक व्यास ने बताया कि उनकी कंपनी के गेट पर 24 घंटे दो गार्ड तैनात रहते हैं। 22 जनवरी की सुबह जब वह कंपनी आया तो उसे प्लांट के पास रखे कॉपर के बंडल गायब मिले। उसने जब रात्रि ड्यूटी पर तैनात गार्ड मोहित कुमार, गुरवीर सिंह मुकेश और लाल प्रताप से गायब तार के बारे में पूछा तो उन्होंने किसी भी तरह की जानकारी होने से साफ इनकार कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर चोरों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। पुलिस आशंका जाता रही है कि इस चोरी की घटना में कंपनी के ही किसी कर्मचारी का हाथ है।

## कबाड़ में लगी आग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सलारपुर गांव के पास प्लॉट में रखे कबाड़ में बीती रात आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में भीषण रूप धारण कर लिया और ऊंची ऊंची लपेट उठने लगी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

चीफ फायर ऑफिसर (सीएफओ) प्रदीप चौबे ने बताया कि बीती रात सूचना मिली की ग्राम सलारपुर सेक्टर 101 मेट्रो पिलर नंबर 77 के पास खाली प्लॉट में कबाड़ में आग लग गई है। कबाड़ में प्लास्टिक का सामान होने के कारण थोड़ी ही देर में आग ने भीषण रूप धारण कर लिया था। सूचना पर तुरंत दमकल की 6 गाड़ियों को मौके के लिए रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सीएफओ ने बताया कि त्वरित कार्रवाई की वजह से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# बंद पड़े मकानों में सेंध लगाकर उड़ा देते थे सामान

## गैंग के 3 बदमाश गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** निर्माणाधीन व बंद पड़े मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को थाना कासना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 50 हजार रूपए, भारी मात्रा में नल, टोटी, शावर, (शेष पृष्ठ-3 पर)

# महिला से चेन लूटी, 16 दिन बाद दर्ज की एफआईआर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-77 में बीते दिनों बाइक सवार बदमाश ने महिला के गले से सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। पुलिस ने करीब 16 दिन बाद लूट की वारदात का मुकदमा दर्ज किया है।

सेक्टर-75 निवासी अनुज कपूर ने बताया कि वह अपनी पत्नी आकांक्षा अग्रवाल के साथ बीते 6 जनवरी को मार्केट सब्जी खरीदने के लिए जा रहे थे। सब्जी खरीदने के बाद वह पैदल वापस अपने घर की तरफ आ रहे थे। इस दौरान स्काईटेक के सामने बाइक सवार दो बदमाशों ने पीछे से आकर उनके पत्नी के गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। उन्होंने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना सेक्टर-113 पुलिस में करीब 16 दिन बाद लूट के इस मामले को दर्ज किया है।

# प्लॉट का सौदा कर हड़प लिये लाखों रुपये

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्लॉट देने के नाम पर चार जालसाजों ने एक व्यक्ति से 30 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने थाना बिसरख में चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।



यूसुफपुर चक शाहबेरी में रहने वाले किशन सिंह ने बताया कि 26 दिसंबर 2023 को रोजा जलालपुर में प्लॉट खरीदने को लेकर उसकी मुलाकात दिल्ली निवासी मुकेश कुमार मौर्य से हुई थी। मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि मिल्क लच्छी गांव के पास 130 मीटर का प्लॉट है। प्लॉट दिखाने के बाद उसने इसकी कीमत 92 लाख रुपए बताई। किशन सिंह के मुताबिक उसने मुकेश कुमार मौर्य, अमित कुमार, अभिषेक कुमार व अबू बकर को 30 लाख रुपए दे दिए। कुछ समय बाद मुकेश ने उसे 10 लाख रुपए और देने को कहा। जिस पर उसने कुछ दिन बाद पैसे देने को कहा किशन सिंह के मुताबिक उसने जब पैसे देकर प्लॉट की रजिस्ट्री करने को कहा तो आरोपी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। उसने जब मुकेश से प्लॉट अथवा पैसे दिए जाने की मांग की तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौज की और पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# सरिया माफिया रवि काना का गनर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

स्क्रैप और सरिया माफिया रवि काना के एक और साथी को थाना बीटा-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। रवि काना के साथियों की गिरफ्तारी के बाद भी पुलिस के हाथ रवी काना तक नहीं पहुंच पाए हैं।

थाना प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर के सूचना के आधार पर पुलिस ने सरिया माफिया रवि काना गिरोह के सक्रिय सदस्य प्रहलाद को



गिरफ्तार किया है। प्रहलाद गैंगस्टर एक्ट में वांछित था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि प्रहलाद रवि काना के साथ उसके ड्राइवर और गनर की भूमिका में रहता था। रवि काना ग्रुप के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अब तक उसके आठ साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस रवि काना द्वारा अवैध तरीकों से अर्जित की गई चल अचल संपत्ति का पता लग रही है। जल्दी उसके खिलाफ संपत्ति कुर्क किए जाने की कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा। पूर्व में पुलिस उसके करीब ढाई सौ करोड रुपए की संपत्ति को सील कर चुकी है।

बता दें कि पुलिस रवि काना की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है लेकिन वह अभी तक पुलिस की हत्थे नहीं चढ़ा है। पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है लेकिन अभी तक रवि काना की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। स्क्रैप माफिया ने पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए जिला अदालत में अंतरिम जमानत याचिका दायर की थी जो खारिज हो चुकी है।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI | Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# टिकाऊ आजीविका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मकर संक्रांति के दिन अपने निवास पर गायों का पूजन किया। जब आंध्रप्रदेश की पुंगनूर नस्ल की इन गायों को चारा खिलाते मोदी की खूबसूरत तस्वीरें मीडिया में आईं तो आम जनमानस ने उन्हें देर तक निहारा। इन तस्वीरों को देखकर गो-भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। हिंदू संस्कृति में प्रत्येक शुभ दिन गो-पूजा करने का विधान है। हिंदू सभ्यता एवं संस्कृति में आस्था रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति की भांति मोदी में गाय के प्रति आदर भाव स्वाभाविक तौर पर है। मकर संक्रांति पर मोदी ने जिस आदर भाव को व्यक्त किया है, वह गायों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जन-जन की प्रेरणा का स्रोत बनेगा, यह आशा की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी देश के ऐसे नेता हैं, जिनका अनुसरण उनके करोड़ों समर्थक करते हैं। मोदी जो कहते हैं, जो करते हैं, वह उनके समर्थकों के लिए अनुकरणीय हो जाता है। संदेश देने की मोदी की अपनी खास शैली है। वह उचित अवसर पर कुछ ऐसा कर देते हैं जिससे आम जनमानस प्रभावित होता है। मोदी की कार्यशैली देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। यही वजह है कि मोदी की बदौलत विभिन्न जन जागरण और सामाजिक बदलाव के कार्य सहजता से सफल हो जाते हैं। स्वच्छ भारत, फिट इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण और जल संचय, वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत, सुगम्य भारत और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं। ये सब देश को प्रगति के पथ पर ले जाने वाले और सामाजिक परिवर्तन के कार्यक्रम हैं। अब ताजा उदाहरण संक्रांति पर गायों की पूजा का है। सवाल उठता है कि संक्रांति पर पूजन के लिए मोदी ने आंध्रप्रदेश की पुंगनूर नस्ल की इन छोटे कद की गायों को ही क्यों चुना? क्या इसके पीछे मोदी की कोई संदेश देने की भावना निहित है? जी हां, बिल्कुल ऐसा ही है। मोदी ने इन गायों के पूजन के जरिए हर भारतीय को गो सेवा का संदेश दिया है। पुंगनूर गायों को इसलिए चुना गया है क्योंकि अत्यधिक पौष्टिक और औषधीय महत्व का दूध देने वाली ये गाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं और इस नस्ल को बचाने के लिए आंध्रप्रदेश में प्रयास किए जा रहे हैं। जाहिर है, मोदी ने न केवल विलुप्त हो रही इन गायों को बचाने की आवश्यकता प्रतिपादित की है, बल्कि इसके साथ-साथ सभी नस्लों की गायों के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी जोर दिया है। मोदी के गो संरक्षण के इस संदेश के पीछे ग्रामीण भारत को आगे ले जाने की भावना निहित है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गाय के बिना ग्रामीण भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। भारतीय सनातन संस्कृति में गाय का अत्यंत महत्व है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं के वास की धार्मिक मान्यता है। धार्मिक मान्यताओं में गाय को पाप हरने वाली और वातावरण को सकारात्मकता से भर देने वाली बताया गया है। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है। विलुप्त हो रही गायों के संरक्षण के लिए समाज को आगे आना होगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि पुल बाँधकर जिस प्रकार वानरों की सेना समुद्र के पार उतरी और जिस प्रकार वीर श्रेष्ठ बालिपुत्र अंगद दूत बनकर गए वह सब कहा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**निसिचर कीस लराई बरनिसि बिबिध प्रकार।**
**कुंभकरन घननाद कर बल पौरुष संघार॥**

फिर राक्षसों और वानरों के युद्ध का अनेकों प्रकार से वर्णन किया। फिर कुंभकर्ण और मेघनाद के बल, पुरुषार्थ और संहार की कथा कही॥

**निसिचर निकर मरन बिधि नाना। रघुपति रावन समर बखाना॥**
**रावन बध मंदोदरि सोका। राज बिभीषन देव असोका॥**

नाना प्रकार के राक्षस समूहों के मरण तथा श्री रघुनाथजी और रावण के अनेक प्रकार के युद्ध का वर्णन किया। रावण वध, मंदोदरी का शोक, विभीषण का राज्याभिषेक और देवताओं का शोकरहित होना कहकर,॥

**सीता रघुपति मिलन बहोरी। सुरन्ह कीन्हि अस्तुति कर जोरी॥**
**पुनि पुष्पक चढ़ि कपिन्ह समेता। अवध चले प्रभु कृपा निकेता॥**

फिर सीताजी और श्री रघुनाथजी का मिलाप कहा। जिस प्रकार देवताओं ने हाथ जोड़कर स्तुति की और फिर जैसे वानरों समेत पुष्पक विमान पर चढ़कर कृपाधाम प्रभु अवधपुरी को चले, वह कहा॥

**जेहि बिधि राम नगर निज आए। बायस बिसद चरित सब गाए॥**
**कहेसि बहोरि राम अभिषेका। पुर बरनत नृपनीति अनेका॥**

जिस प्रकार श्री रामचंद्रजी अपने नगर (अयोध्या) में आए, वे सब उज्ज्वल चरित्र काकभुशुण्डिजी ने विस्तारपूर्वक वर्णन किए। फिर उन्होंने श्री रामजी का राज्याभिषेक कहा। (शिवजी कहते हैं-) अयोध्यापुरी का और अनेक प्रकार की राजनीति का वर्णन करते हुए-॥

**कथा समस्त भुसुंड बखानी। जो मैं तुम्ह सन कही भवानी॥**
**सुनि सब राम कथा खगनाहा। कहत बचन मन परम उछाहा॥**

भुशुण्डिजी ने वह सब कथा कही जो हे भवानी! मैंने तुमसे कही। सारी रामकथा सुनकर गरुड़जी मन में बहुत उत्साहित (आनंदित) होकर वचन कहने लगे-॥

क्रमशः

# रोम-रोम में अंतर्मुखी राम को पहचानें लोग

मनु द्वारा स्थापित अयोध्या को साकेत और राम नगरी भी कहा जाता है। अथर्ववेद के अनुसार धर्मनगरी अयोध्या को देवताओं का स्वर्ग माना गया है। स्कन्द पुराण के अनुसार सरयू नदी के तट पर बसी प्रभु राम की नगरी अयोध्या को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का पवित्र स्थान माना गया है। अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्म भूमि है। भगवान राम की दिव्यता, भद्रता, सभ्यता तथा भव्यता को प्रतिबिंबित करने वाला 22 जनवरी 2024 का दिन भारतवर्ष के इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। करोड़ों देशवासी बहुत ही उत्सुकता तथा बेसब्री से इस दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं धर्म की दृष्टि से यह दिन ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगा। श्री राम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की देखरेख में राम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन 2.7 एकड़ जमीन पर श्री राम मन्दिर बनाया गया है। यह निर्माणाधीन तीर्थस्थल लार्सन एंड टूब्रो कम्पनी द्वारा मन्दिर के डिजाइन तथा निःशुल्क देखरेख में पूर्ण चुका है। इस परियोजना में चार वर्षों से लगभग 1600 कर्मचारी, इंजीनियर तथा कारीगर हर रोज चौबीस घण्टे कार्य कर रहे थे। इस भव्य राम मंदिर के निर्माण में लगभग 1800 करोड़ रुपए का अनुमान है। लगभग 500 वर्षों की प्रतीक्षा तथा वर्षों से अपने अधिकार एवं न्याय की लड़ाई के बाद बन चुका यह अयोध्या धाम दुनिया में करोड़ों हिंदुओं की आस्था तथा भावनात्मकता का प्रतीक होगा। इस परिसर में मुख्य राम मन्दिर की ऊंचाई 162 फीट होगी। मुख्य मन्दिर के साथ छह और मन्दिर बनाए गए हैं।

मन्दिर के मुख्य द्वार को 'सिंह द्वार' के नाम से जाना जाएगा। इस मन्दिर में 392 पिल्लर, 44 गेट तथा मुख्य मन्दिर तक 32 सीढियां होंगी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाले भगवान राम की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के लिए 26 जनवरी 2024 से प्राण प्रतिष्ठा विधियों के लिए 12 आधिवासों का 16 जनवरी से कार्यक्रम शुरू हो चुका है। 22 जनवरी 2024 को 12 बजकर 20 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में मुख्य अनुष्ठान शुरू होगा तथा चालीस मिनट की विशेष पूजा के पश्चात नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम की



मूर्ति स्थापित होगी। देश के प्रधानमंत्री को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा निमंत्रित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री स्वयं भी इस विशाल आयोजन में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने पूरा वातावरण परिवर्तित कर दिया है। पूरा देश राममय हो चुका है। भारतीय सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक तथा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी यह ऐतिहासिक घटना महत्वपूर्ण है। 30 दिसम्बर 2023 को प्रधानमंत्री ने अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे तथा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने के पश्चात लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को केवल आमन्त्रित व्यक्ति ही अयोध्या पहुंचें। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अयोध्या नगरी का रुख न करें। इससे प्रशासन तथा कानून व्यवस्था प्रभावित होगी। अत्यधिक भीड़ से जनजीवन प्रभावित होगा। उन्होंने 22 जनवरी 2024 को देशवासियों से अपने घर पर ही रहकर श्री राम ज्योति जलाने तथा दीपावली मनाने का आग्रह किया। 26 जनवरी 2024 से यह मन्दिर सार्वजनिक दर्शनों के लिए आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। भगवान राम को श्री हरि विष्णु अवतार माना जाता है। भगवान राम आदर्श पुरुष हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए उदाहरणीय एवं अनुकरणीय है, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

भगवान राम संस्कृति, सभ्यता, आदर्श, दया, धर्म, करुणा, सत्य, प्रेम, त्याग, समर्पण और मर्यादा के प्रतीक हैं। अपने कर्त्तव्य निर्वहन, साहस, निष्ठा, भक्ति दृढ़ता, त्याग तथा न्याय व मर्यादित आचरण के कारण भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उन्होंने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए राजपाठ छोड़कर 14 वर्ष वनों में बिताए, फिर भी अपने आचरण से जीवन के शाश्वत मूल्यों तथा सिद्धान्तों का पालन करते हुए एक श्रेष्ठ राजा कहलाए। भारतीय संस्कृति तथा जनमानस में राम एक सभ्यता है, राम एक दृष्टि है, राम एक दर्शन है तथा एक श्रेष्ठ जीवन पद्धति है। वर्तमान में नई पीढ़ी द्वारा भगवान राम के चरित्र, आदर्श, संस्कार, विचार को आत्मसात किए जाने की नितांत आवश्यकता है तथा मन नायक तथा जननायक प्रभु राम के सूक्ष्म रूप को आत्मा की दृष्टि से अनुभूत करने की आवश्यकता है। निश्चित रूप से भारतवर्ष के इतिहास में 22 जनवरी 2024 का दिन एक ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व दिन होगा। राम जन-जन के प्राण हैं। राम सभी के प्राण आधार हैं। राम सभी के आदर्श हैं। राम सभी व्यक्तियों, जातियों, पंथों, मतों, समुदायों, सम्प्रदायों तथा धर्मों से श्रेष्ठ हैं। इस अवसर को बहुत ही श्रद्धा, विश्वास, उल्लास तथा उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इस मन्दिर के निर्माण का श्रेय भी सभी करोड़ों भारतवासियों को है और सभी देशवासी बधाई के पात्र भी हैं। राम सभी प्राणियों को आत्मा से जोड़ते हैं। हालांकि इस आयोजन के परिप्रेक्ष्य में देश के शहरों, गांवों, गली, मुहल्लों, नगरों तथा महानगरों में चुपके से राजनीतिक तथा चुनावी ब्यार भी बह रही है। व्यावहारिक दृष्टिकोण यह है कि इस ऐतिहासिक आयोजन में कोई भी तथा किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

धर्म तथा संस्कृति को सक्रिय राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। हालांकि भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों से जुड़े अध्याय के आरम्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, माता सीता तथा भाई लक्ष्मण का स्कैच अंकित है। देश के प्रधान न्यायाधीश की सीट पर मूल सिद्धांत के रूप में धर्म की व्याख्या करते हुए 'यतो धर्मस्ततो जयः', (अर्थात जहां धर्म है वहां जय यानी जीत है) से व्याख्या की गई है। इसलिए भारतीय परिप्रेक्ष्य में भगवान राम, लोकतन्त्र, नैतिकता, न्याय तथा राजनीति को भी अलग नहीं किया जा सकता। राम केवल हिंदुओं के राम नहीं बल्कि विश्व में कण-कण तथा जन-जन में राम व्याप्त हैं। बहरहाल यह अवसर किसी धर्म, जाति, मत, पंथ, दल, मजहब, समाज या संप्रदाय का विषय नहीं है। इस भव्य आयोजन के साथ देश तथा दुनिया में समभाव, सद्भाव, प्रेम तथा शान्ति की प्रार्थना की जानी चाहिए। इस भारतीय विशाल ऐतिहासिक महोत्सव को अगाध श्रद्धा, उत्साह तथा उल्लास से मनाया जाना चाहिए। इसी में प्रभु श्री राम तथा राम मंदिर की सार्थकता है। लोग रोम-रोम में अंतर्मुखी राम को पहचानें, तो कल्याण होगा।

**-प्रो. सुरेश शर्मा**
**शिक्षाविद**

# मोदी-योगी के राज में भारत में सांस्कृतिक धरोहरों को दिलाया जा रहा है उचित स्थान

22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में सम्पन्न होने जा रही है। पिछले लगभग 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के पश्चात श्रीराम लला टेंट से निकलकर एतिहासिक भव्य श्रीराम मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पूरे देश का वातावरण राममय हो गया है। न केवल भारत के नागरिकों में बल्कि अन्य कई देशों में भी सनातन धर्म में आस्था रखने वाले नागरिकों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। अमेरिका के कई बड़े शहरों में प्रभु श्रीराम के बहुत बड़े आकार के होर्डिंग लगाए गए हैं। पूरे विश्व में ही एक तरह से नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। आज सनातनी हिंदुओं के लिए यह एक एतिहासिक एवं गर्व करने का पल है क्योंकि प्रभु श्रीराम का मंदिर भारतीयों के लिए सदियों से एक सांस्कृतिक धरोहर रहा है और अब पुनः प्रभु श्रीराम के मंदिर को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में उचित स्थान दिलाया जा रहा है, इसके लिए पिछले 500 वर्षों के दौरान लाखों भारतीयों ने अपने प्राण तक न्यौछावर किए हैं।

वर्ष 2014 के बाद से भारत में सांस्कृतिक धरोहरों को संवारने का कार्य बहुत सफल तरीके से सम्पन्न किया जा रहा है। इसी का प्रमाण आज प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के रूप में दिखाई दे रहा है। इसी प्रकार के प्रयास भारत के अन्य सांस्कृतिक धरोहरों को विकसित करने के लिए भी किए गए हैं। बाबा अमरनाथ की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कठोर मौसम बाधा न बन पाए, इस बात को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार द्वारा बाबा अमरनाथ गुफा तक 110 किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है, इसमें 11 किलोमीटर लम्बी एक सुरंग भी शामिल है। अभी तक श्रीनगर से बाबा अमरनाथ गुफा तक यात्रा करने में लगभग 3 दिन का समय लगता था किंतु इस नए विकसित किए जा रहे सड़क मार्ग के पश्चात केवल 8 से 9 घंटे के बीच का समय लगेगा। इसी प्रकार, अभी कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को चीन अथवा नेपाल के रास्ते से होकर जाना होता है परंतु, अब कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने के लिए चीन अथवा नेपाल जाने की आवश्यकता ही नहीं होगी क्योंकि केंद्र सरकार उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के रास्ते से सीधे कैलाश मानसरोवर तक 80 किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण करवा रही है। इस सड़क निर्माण का 90 प्रतिशत कार्य सम्पन्न हो चुका है और शेष 10 प्रतिशत निर्माण कार्य भी वर्ष 2024 में पूरा हो जाने की सम्भावना है।

वाराणसी में काशी विश्वनाथ कोरिडोर एवं उज्जैन में महाकाल लोक कोरिडोर को विकसित करने के बाद अब मथुरा में भव्य बांके बिहारी कोरिडोर विकसित किया जा रहा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बांके बिहारी मंदिर के चारों ओर कोरिडोर बनाने की मंजूरी दे दी है। इस कोरिडोर के निर्माण के पश्चात प्रतिदिन लगभग 50,000 श्रद्धालुगण बांके बिहारी मंदिर के दर्शनों के लिए जा सकेंगे। इस नए विकसित किए जा रहे कोरिडोर में तीन विभिन्न मार्ग बनाए जा रहे हैं। पहिला मार्ग, जुगलघाट से प्रारम्भ होगा, दूसरा मार्ग, विद्यापीठ चौराहे से प्रारम्भ होगा एवं तीसरा मार्ग जादौन पार्किंग से प्रारम्भ होकर बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचेगा।



असम में गौहाटी से लगभग 8 किलोमीटर दूर नीलांचल पर्वत पर स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर का भी कायाकल्प किया जा रहा है। मां कामख्या देवी के मंदिर में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन करने हेतु पहुंचते हैं। इन श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मां कामाख्या कोरिडोर विकसित किया जा रहा है। इस नए कोरिडोर में एक लाख वर्ग फुट क्षेत्र की जगह उपलब्ध होगी, जिससे श्रद्धालुओं को मां कामाख्या देवी के दर्शन करने में सुविधा होगी।

उत्तरप्रदेश राज्य में प्रभु श्रीराम मंदिर एवं बांके बिहारी कोरिडोर के साथ ही मिर्जापुर में 331 करोड़ रुपए की लागत से मां विध्यवासिनी कोरिडोर विकसित किया जा रहा है। यह उत्तरप्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है। 50 फीट चौड़ा एवं 2 मंजिला परिक्रमा स्थल तैयार हो चुका है। वर्ष 2024 में ही मां विंध्यवासिनी कोरिडोर के पूरी तरह बनकर तैयार होने की पूरी उम्मीद है।

आज लाखों की संख्या में श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शन करने हेतु मां वैष्णो देवी के दरबार में प्रतिवर्ष अपनी हाजिरी लगाने के लिए जाते हैं। इन श्रद्धालुओं की मां वैष्णो देवी यात्रा को आसान बनाने के उद्देश्य से 670 किलोमीटर लम्बे दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जा रहा है। इस एक्सप्रेस वे के रास्ते में पड़ने वाले सिक्ख पंथ के कई स्थलों को भी जोड़ा जा रहा है। इस एक्सप्रेस वे के बनने से पहिले दिल्ली अमृतसर तक का सफर जो पहिले 8 घंटे में सम्पन्न होता था वह अब इस एक्सप्रेस वे के बनने के बाद केवल 4 घंटे में ही सम्पन्न होगा। इसी प्रकार दिल्ली से कटरा तक का सफर जो पहले 15 घंटे में सम्पन्न होता था वह अब केवल 6 घंटे में ही सम्पन्न होगा। इस एक्सप्रेस वे के बनने के बाद माता वैष्णो देवी के भक्त माता रानी के दर्शन बड़े आराम से कर सकेंगे।

इसी प्रकार यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ की चार धाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी केंद्र सरकार सुलभ मार्ग उपलब्ध कराने जा रही है जो मौसम की मार को बर्दाश्त कर सके। इस चार धाम यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए सुलभ बनाने का उद्देश्य से 12,000 करोड़ रुपए की लागत से 899 किलोमीटर का सड़क मार्ग विकसित किया जा रहा है। इस सड़क मार्ग में दो सुरंग, 15 पुल, 18 यात्री सेवा केंद्र और 13 बाई पास विकसित किए जा रहे हैं।

भारतीयों द्वारा इंजीनियरिंग के उत्कृष्ट नमूने के रूप में तमिलनाडु के रामेश्वरम के पास एक नया पम्बन ब्रिज विकसित किया जा रहा है। इस पम्बन ब्रिज की विशेषता यह है कि इस मार्ग से रेल के गुजरने पर यह रेल की पटरी बिछा देगा और इस ब्रिज के नीचे से पानी के जहाज अथवा स्टीमर के गुजरने पर पुल ऊपर उठ जाएगा ताकि इस रास्ते से स्टीमर निकल सके। नया पम्बन ब्रिज उन श्रद्धालुओं के लिए वरदान साबित होगा जो रामेश्वरम धनुष्कोटि की यात्रा करना चाहते हैं।

सनातन हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाले नागरिकों के लिए यह एक बहुत बड़ी खुशखबरी मानी जानी चाहिए कि पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में स्थित मां शारदा पीठ के दर्शन करने का सपना भी अब शीघ्र ही पूरा हो सकता है। हाल ही में पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र की एसेम्बली ने 5,000 वर्ष पुराने मां शारदा पीठ में भारत से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक कोरिडोर बनाने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। वर्ष 2023 में जम्मू-कश्मीर में स्थित मां शारदा मंदिर का उद्घाटन करते समय भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि आगे आने वाले समय में मां शारदा पीठ के लिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक गलियारा खोलने का प्रयास भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

**-प्रह्लाद सबनानी, सेवानिवृत्त**
**उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक**

## राशिफल

पौष शुक्ल- त्रयोदशी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
किया गया प्रयास सार्थक होगा। व्यावसायिक विस्तार होगा। पराक्रम बढ़ा रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रुपये , पैसे का आवक बना रहेगा। निवेश करने से बचें। स्वास्थ्य अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। जरूरत के हिसाब से वस्तएं उपलब्ध होंगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। क्रोध पर काबू रखें। प्रेम, संतान मध्यम है। व्यापार लगभग ठीक है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। यात्रा में लाभ होगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यावसायिक विस्तार होगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। राजनीतिक लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जोखिम से उबर चुके हैं। परिस्थितियां अनुकूल हो चुकी हैं। भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। रिस्क मत लीजिएगा। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान मध्यम ठीक-ठीक।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आनंददायक जीवन गुजारेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रु परास्त होंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। बुजुर्गों का आर्शीवाद मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें, अच्छा रहेगा आपके लिए।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्दि होगी। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान की स्थिति ठीक-ठाक। व्यापार भी सही रहेगा। ग्रह कलह से बचें।

# श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ने किया हवन पूजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर कल श्री धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा सेक्टर-पाई में हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण शाम किया गया। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आनंद भाटी ने कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन किया।

इस मौके पर मुख्य आतिथि एमएलसी श्रीचंद शर्मा, इन्दुप्रकाश ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, चेतराम मैनेजर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, वीरेन्द्र भाटी पूर्व चेयरमैन, संस्था के संस्थापक गोश्वामी सुशील महाराज, राजकुमार नागर, शेर सिंह भाटी, संरक्षक हरवीर मावी, प्रदीप शर्मा, सुशील नागर, अध्यक्ष आनन्द भाटी, महासचिव ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय नागर, मिडिया प्रभारी धीरेंद्र भाटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश गोतम,महेश शर्मा,सुभाष भाटी,पवन नागर, श्रीमती रोशनी सिंह, सत्यवीर मुखिया, रक़म सिंह भाटी, मनोज गुप्ता, चैनपाल प्रधान,फिरे प्रधान, बीरपाल मावी, श्रीमती विमलेश रावल, मयंक चंदेल, भगवत, पवन भाटी, ज्योति सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किसान नेता राजकुमार को किया सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रूपवास गांव के रहने वाले भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) संगठन के दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपवास को जिला बुलंदशहर के धनोरा गांव में प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

इस मौके पर अनूपशहर विधायक संजय शर्मा, श्योपाल सिंह गुर्जर, वरिष्ठ नेता प्रवीण भारतीय, आलोक नागर, जयवीर दरोगा, ब्रह्म सिंह, राजीव उर्फ राजू अलीनगर, दीपक शर्मा, बलराज हुन, दिनेश नागर, बृजेश भाटी, अंकित भाटी, अरविंद नागर, आदि मौजूद थे।

# सपाईयो ने पुण्यतिथि पर याद किये जनेश्वर मिश्र

**ग्रेटर नोएडा।** प्रखर समाजवादी चिंतक एवं छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध पंडित जनेश्वर मिश्र की 14 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सूरजपुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं उनके राजनैतिक जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र एक सच्चे समाजवादी नेता थे, जिनका सारा जीवन देश व समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनकी समाजवादी विचारधारा के प्रति दृढ़ता एवं निष्ठा के कारण उनको छोटे लोहिया कहा जाता था। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र वह सच्चे समाजवादी नेता थे जिन्होने गरीब, मजदूर वंचित, शोषितों कि आवाज को सड़क से संसद तक बुलंद किया। सभी समाजवादी साथियों को उनके जीवन का अनुसरण करते हुए समाजवादी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का काम करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी वीरसिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष इंदर प्रधान, रामशरण नागर एडवोकेट, उपदेश नागर, अकबर खान, रोहित मत्ते गुर्जर, नीरज भाटी, अब्दुल हमीद, जगत खारी, रवि संजय भाटी, सीपी सोलंकी, प्रवीण भाटी, अनूप तिवारी, सुनील भाटी, गजेंद्र रावल, अनिल प्रजापति, मोहित नागर, हरवीर प्रधान, लखन जाटव, विष्णु सिंह, सत्यप्रकाश नागर, रोहन गौतम, मोहित यादव, उपेंद्र यादव, दलमीर खान आदि मौजूद रहे।



# ट्रैक्टर से निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन की एक समीक्षा बैठक कल ग्रेटर नोएडा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने की।

इस अवसर पर आगामी 26 जनवरी को ग्रेटर नोएडा के विभिन्न जगहों से तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। पश्चिम प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि 26 जनवरी को ट्रैक्टर से तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। बैठक में सुनील प्रधान मटरू नागर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# इफको को 11 हजार दीपों से किया रोशन

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।**


अयोध्या में हुए भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सजीव प्रसाण इफको घियानगर फूलपुर के श्री राम मंदिर परिसर में किया गया। मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम का पूजन,भजन, संकीर्तन तथा भंडारे का आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त सायंकाल मंदिर में ग्यारह हजार दीपक जलाकर श्रीराम जी के लिए भव्य दीपोत्सव मनाया गया तथा भजन संध्या का आयोजन किया गया।

भजन संध्या में रीवा मध्यप्रदेश से आने वाली टीम देवेश म्युजिकल ग्रुप के द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति हुई।

इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया, महाप्रबंधक संजय वैश्यव एम.डी.मिश्र, संयुक्त महाप्रंबधक क्रमश: ए.पी.राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी, पी.के.पटेल,डॉ अनीता मिश्रा,रत्नेश कुमार, अरूण कुमार,अरवेन्द्र कुमार, एस.के.सिंह, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, ओम कल्याण समिति के सचिव पी.के.त्रिपाठी, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी,क्लब सचिव डी.के.शुक्ल तथा बड़ी संख्या में इफको घियानगर के लोग सपरिवार उपस्थित रहे।







**कल अयोध्या में हुए श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सेक्टर-20 स्थित विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता के दफ्तर में भी दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता शशांक शेखर पांडेय मौजूद रहे।**

# दिल्ली की 'आप' सरकार जल्द करायेगी अयोध्या धाम के दर्शन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर हवन पूजन और प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया है। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी द्वारा राज्यसभा के लिए पुन: निर्वाचित संजय सिंह की धर्म पत्नी श्रीमती अनिता सिंह ने देश को कमजोर करने वाली ताकतों के खिलाफ लड़ने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नोएडा के निर्माण विहार सेक्टर-89 कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि भगवान राम के प्रति हम सभी की श्रद्धा अत्यधिक है। भक्ति और समर्पण के साथ पूजते है। देश दुनियां में रामलीला, रामनवमी, और दीपावली जैसे त्योहार उनकी भक्ति को अभिवादन के रूप में मनाये जाते हैं। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना ने कहा दिल्ली में 20 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक दिल्ली में, अरविंद केजरीवाल सरकार ने रामलीला का भव्य आयोजन किया है। केजरीवाल सरकार ने बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई है,अब तक 82 हजार बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई जा चुकी है तीर्थ यात्रा के क्रम में दिल्ली के बुजुर्गों को केजरीवाल सरकार अयोध्या में रामलला के भी जल्द दर्शन कराएंगी।



हवन पूजन में प्रमुख रूप से किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमांडो अशोक, गौतमबुद्ध नगर जिला महासचिव राकेश अवाना, गुड्डू यादव, जतन भाटी, राम गुप्ता, परशुराम चौधरी आदि काफी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# द्वारकाधीश मंदिर में पूर्व मंत्री ने की पूजा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** अयोध्या में श्रीराम लला के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज भंगेल फेस-2 स्थित द्वारकाधीश मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर भक्तों के साथ भजन कीर्तन कर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में विनोद त्यागी, अमित त्यागी, ब्रह्मप्रकाश दरोगा, रविंदर मास्टर, सत्यप्रकाश त्यागी, मोहित शर्मा, चंद्रपाल एवं भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# कमरे में मृत मिला युवक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बिसरख गांव में किराए पर रहने वाला एक युवक अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। प्रारंभिक जांच को पता चला है कि युवक टीबी की बीमारी से पीड़ित था। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बिसरख गांव में किराए पर रहने वाला सियाराम अपने कमरे में मृत पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सियाराम मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला था और यहां किराए पर रह रहा था वह पिछले कुछ समय से टीबी की बीमारी से पीड़ित था।

## पृष्ठ एक के शेष....

**दर्शन को ...**

तादाद में लोग यहां जुटने लगे। भीड़ में मौजूद लोग गेट के सामने 'जय श्री राम' का उद्घोष कर मंदिर के अंदर दाखिल हो रहे थे। देशभर से श्रद्धालुओं के जुटने का क्रम जारी है। इसके साथ ही अयोध्या के स्थानीय निवासी भी दर्शन-पूजन करने के लिए राम मंदिर पहुंच रहे हैं।

सुरक्षा के लिए यहां 5 हजार कांस्टेबल, 26 कंपनी पीएसी के अलावा एनएसजी व सुरक्षा एजेंसियां भी तैनात हैं। अयोध्या के एडीजी पीयूष मोर्डिया ने बताया कि भक्तों को दर्शन के लिए नहीं रोका जा रहा है। चेकिंग के बाद उन्हें मंदिर परिसर में जाने दिया जा रहा है।

राम मंदिर के उद्घाटन से करीब 2 सप्ताह पहले अयोध्या में होटल की बुकिंग 80 फीसदी तक बढ़ चुकी है। यहां होटल में एक दिन के कमरे की कीमत अबतक के हाई रेट पर पहुंच गई है, जिसमें पांच गुना तक इजाफा हुआ है। कुछ लग्जरी कमरों का किराया एक लाख रुपये तक हो चुका है। खास बात यह है कि किराये में इतना इजाफा होने के बाद भी होटल की बुकिंग में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है।

**शौर्य व पराक्रम के...**

आदित्यनाथ ने कहा कि आज उसी का परिणाम है कि जब हम भारत के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल भी देखने को मिलते हैं। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। नेताजी ने युवाओं का आह्वान करते हुए देश की आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया।

सीएम ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने नौजवानों का आह्वान किया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए। युवा व हर भारतवासी आजाद हिंद फौज के नेतृत्व में लड़ी जाने वाली लड़ाई का हिस्सा बना। नेताजी ने न केवल भारत, बल्कि म्यांमार, सिंगापुर समेत दुनिया के अनेक देशों में इस लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य भी किया। यही कारण है कि हर भारतवासी नेताजी के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव रखता है।

**बंद पड़े मकानों...**

वॉश बेसिन इनवर्टर बैट्री सबमर्सिबल की मोटर बिजली के तार के बंडल व वारदात में प्रयुक्त एक आई10 कार बरामद हुई है।

ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि थाना कासना प्रभारी विद्युत अग्रवाल पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि निर्माणाधीन व बंद पड़े मकान में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन बदमाश एक गाड़ी में डाढा गोल चक्कर से सिरसा गोल चक्कर की तरफ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सिरसा गोल चक्कर पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान मुखबिर के इशारे पर पुलिसकर्मियों ने एक आई-10 कार चालक को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर कार चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिसकर्मियों ने कार को घेर लिया।

थाना प्रभारी व उनकी टीम ने कार सवार मोहम्मद आरिफ धर्मेंद्र तथा अभिषेक उर्फ कीड़ा मकोड़ा को दबोच लिया। कार की तलाशी लेने पर कट्टो में भरा चोरी का सामान बरामद हुआ। एडीसीपी ने बताया कि कार से 137 नल, टोटी ,4 शावर, 4 वॉश बेसिन टोंटी, एक बेट्रा, दो इनवर्टर, ग्राइंडर मशीन, गैस कटर ,सबमर्सिबल मोटर पांच बंडल वायरिंग के तार तथा चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण व 50 हजार रूपए की नगदी बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह सामान निर्माणाधीन व बंद पड़े मकानो से चोरी किया है।

# कालीबाड़ी मंदिर भी हुआ राममय



**नोएडा ( चेतना मंच )।** 500 वर्षों बाद अयोध्या में राम जन्मभूमि में श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के द्वारा सभी तीर्थ धाम में कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर सेक्टर-26 नोएडा काली बाड़ी मंदिर में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने शहरी विकास मोर्चा के पदाधिकारियों व नोएडा काली बाड़ी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ यह स्क्रीन पर प्रसारित कार्यक्रम को भक्तो व श्रद्धालुओं के साथ देखा व प्रसाद वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर जिला मंत्री चमन ,मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण महावर ,भाजपा शहरी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ प्रसनजीत मैत्रा ,सोनू राणा ,चेतन कपूरवन, संजीव सिंह ,मनीश चौहान, निखिल पंडित ,संजीव दास ,अशोक गुप्ता ,सुरेंद्र बिस्ट ,काली बाड़ी मंदिर प्रेसिडेंट डॉ रूद्र दास गुप्ता, संकर सेन गुप्ता,अल्पना रॉय , पुजारी पूरन व काली बाड़ी के सभी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु साथ रहे।

# हेल्पर ने कंपनी में की लाखों की चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के त्सुयो मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से हेल्पर ने कॉपर का स्पूल चोरी कर लिया। कंपनी के प्रोडक्शन हेड ने आरोपी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी के प्रोडक्शन हेड अभय प्रताप सिंह ने थाना सूरजपुर में दर्ज कर रिपोर्ट में बताया कि बुलंदशहर निवासी शिवम कुमार पुत्र कुमार पाल उनके कंपनी में पिछले 18 माह से कार्य कर रहा था। बीते 21 जनवरी को वह कंपनी से कॉपर स्पूल चोरी कर ले गया। चोरी की पूरी घटना कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।




**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com





## राममय हुआ नोएडा, श्रीराम के जयकारे से गूंजा श्री सनातन धर्म मंदिर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री सनातन धर्म सैक्टर-19 नोएडा में भगवान श्री राम



की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दिन को यादगार लमहों में सदैव याद रखने के लिए भव्य आयोजन किया गया। ऐसा ही मनमोहक दृश्य सनातन धर्म मंदिर में दिख रहा था जैसा कि अयोध्या में था। सुबह से लेकर शाम तक हजारों राम भक्तों ने भगवान श्रीराम के दर्शन एवं आशीर्वाद लिया।

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव नोएडा में भी धूमधाम से मनाया गया। नोएडा के श्री सनातन धर्म मंदिर को पूरी भव्यता से सुंदर फूल मालाओं के साथ सजाया गया। भगवान श्रीराम के अभिषेक आरती पूजन हुआ। इसमें मुख्य रूप से गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की। क्षेत्रीय विधायक नोएडा पंकज सिंह ने भगवान श्रीराम की भव्य आरती की। साथ में नोएडा प्राधिकरण के सी.ई.ओ. डा. लोकेश एम. एवं कई प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी भगवान श्रीराम के पूजन के समय उपस्थित रहे। शाम को सनातन धर्म मंदिर के प्रांगण में 1000 दीपक जलाकर दीप उत्सव मनाया गया।

सनातन धर्म मंदिर समिति द्वारा संरक्षक डा. टी.एन. गोविल, महासचिव एवं सांसद प्रतिनिधि संजय बाली ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया और भगवान श्रीराम का पटका पहनाया, फूल माला एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमा प्रतीक चिन्ह के रूप भेंट किया। मंदिर में बडी स्क्रीन लगाकर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का लाईव देखा गया। इस दौरान भगवान श्रीराम के जयघोष के जयकारों से सनातन धर्म मंदिर गूंज उठा। भक्तों को प्रसाद के रूप लड्डू का भोग वितरित किया किया।

कार्यक्रम के दौरान रामकुमार शर्मा, एस.के.एस. राणा, प्रमोद रंगा, अल्पेष गर्ग, सुशील भारद्वाज टी.एन. चैरसिया, चन्द्रपाल सिंह, राहुल, विजय शर्मा के.सी. गुप्ता, जुगल किशोर भारती, अनिल जैन, मंजू केडिया, अनिता शर्मा, राजीव गुप्ता आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## अयोध्या के साथ नोएडा भी हुआ राममय

**नोएडा ( चेतना मंच )। सेक्टर-55 :** राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष में आज सेक्टर-55 के ई ब्लॉक और सी ब्लॉक मन्दिर में आरडब्ल्यूए के सौजन्य से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में भव्य एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या में हो रहे कार्यक्रम को समस्त सेक्टर वासियों को लाइव दिखाया गया तथा सामूहिक भजन कीर्तन का कार्यक्रम निरंतर चलता रहा। इसके बाद ब्लॉक वासियों को दीपक एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर फोरनवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा व प्रदीप बोहरा तथा आरडब्ल्यूए सैक्टर-55 अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल, राजेश अग्रवाल, राकेश शर्मा, नीरज शर्मा, कुलदीप शर्मा, श्रीमती राजरानी अग्रवाल, अजय शुक्ला, किशन सुंदरियाल एवं समस्त टीम मौजूद रही।

**सेक्टर- 62 :** श्री राम जन्म भूमि, अयोध्या में श्री राम लला की स्थापना और ब्रह्म कलोसत्सव के अवसर पर श्री विनायक और श्री कार्तिकेय मंदिर, सेक्टर-62 में श्री राम नाम जप, हवन और श्री राम परिवार का विशेष अभिषेक / अलंकार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में राम भक्तों ने एकत्र होकर पूजा-अर्चना की तथा भंडारे का आयोजन किया गया।

## श्री सनातन धर्म मंदिर में सीईओ ने की पूजा-अर्चना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा.लोकेश एम ने प्राधिकरण के अपने मातहत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ मंदिर में पूजा अर्चना की। सेक्टर-19 स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सीईओ शामिल हुए तथा पूजा-अर्चना की।



इस अवसर पर सीईओ के अलावा एसीईओ संजीव खत्री, उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल, जल एवं सीवर विभाग के उप महाप्रबंधक आर.पी. सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के उप महाप्रबंधक एस.पी. सिंह, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार, वित्त नियंत्रक स्वतंत्र कुमार गुप्ता, गौरव बंसल, एनईए के अध्यक्ष चौ. राजकुमार, सचिव नीरज राणा, उपाध्यक्ष वीरपाल, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद समेत कई अधिकारी तथा मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर स्वच्छकारों का सम्मान



**जेवर ( चेतना मंच )।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का के ऐतिहासिक और धार्मिक अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने विधान सभा के विभिन्न क्षेत्रों में राम यात्रा और राम गोष्ठी का आयोजन करवाया। उन्होंने राम भक्तों के साथ जेवर व रबूपुरा में लाइव टीवी पर राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान को देखा और उसमें शामिल हुए।

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने राम लला को देश की आस्था का और आराध्य का केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण राम भक्तों का सौवर्णिम सपना है, जो आज साकार हो रहा है।

उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस दिव्य आयोजन के लिए आभार प्रकट किया और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं ने राम मंदिर के लिए अटूट संकल्प और अदम्य साहस दिखाया है।

विधायक ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर स्वच्छकारों को शाल भेंट कर सम्मानित किया, उन्होंने क्षेत्र के मंदिरों के चारों ओर और गलियों को साफ रखा। उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और राम राज्य की नींव है, उन्होंने स्वच्छकारों को राम भक्तों का अभिन्न अंग बताया और उनके प्रति सम्मान किया।

श्री धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि राम नाम ही शक्ति है, राम नाम ही शांति है, राम नाम ही भक्ति है। श्री धीरेन्द्र सिंह जी ने राम मंदिर के निर्माण के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, विश्व हिन्दू परिषद, राष्टीय स्वयंसेवक संघ, शिव सेना, बजरंग दल, अखिल भारतीय संत समिति, अखिल भारतीय आचार्य सभा, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, अयोध्या संत समिति, अयोध्या महापंचायत, अयोध्या वासियों, राम भक्तो को राम मंदिर के निर्माण में अपना सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया।

## सेक्टर-2 के लाल मंदिर में कांग्रेसियों ने की श्रीराम की आराधना



**नोएडा ( चेतना मंच )।** गांव हरौला के सेक्टर-2 स्थित लाल मंदिर में जाकर श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में कांग्रेस नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा, नोएडा ने श्रीराम भगवान की आराधना की।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना ही मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों को अपने जीवन में पालन करना होगा। सभी क्षेत्रवासियों को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई देता हूं। मेरे साथ आउटरीच कांग्रेस के प्रदेश के पूर्व महासचिव विक्रम चौधरी भी उपस्थित थे।



**अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के अवसर पर चौड़ा रघुनाथपुर गांव स्थित गांधी स्मारक विद्यालय में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्या हेमेन्द्र सिंह ने विद्यालय प्रांगण में पूजा-अर्चना के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया।**

## श्री राम शरणम मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-34 स्थित श्री राम शरणम मंदिर में सैकड़ो भक्तों ने अयोध्या में श्री राम मंदिर विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजा अर्चना की तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया इस दौरान राम भक्तों ने गुरु श्री कृष्ण विजतथा गुरु मां रेखा विज के सानिध्य में सत्संग किया व इसके बाद पूजा अर्चना के साथ-साथ भंडारे का भी पुण्य लाभ उठाया । इस दौरान शाम को सैकड़ो दीप जलाकर मंदिर को जगमग किया गया। इस मौके पर न सिर्फ नोएडा बल्कि ग्रेटर नोएडा दिल्ली फरीदाबाद तथा गाजियाबाद के सैकड़ों राम भक्त मौजूद थे।

मालूम हो कि सेक्टर-34 में श्री राम शरणम मंदिर की स्थापना वर्ष 1995 में गुरु सत्यानंद महाराज के परम शिष्य हंसराज विजगोहाना वाले ने किया था।

## डाढा में श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा पर पूजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण-



प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर देश भर में हवन-पूजन यज्ञ का आयोजन किया गया। जनपद गौतमबुद्धनगर के डाढा गाँव में भाजपा नेता एड नरेन्द्र भाटी ने भी ग्रामीणों के साथ मिलकर गाँव के मंदिर में हवन किया। इस मौके पर सभी लोगों ने भगवान राम के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर नरेन्द्र डाढा ने कहा कि भगवान श्रीराम ने लोगों को जीवन जीने का सार दिया है। प्रत्येक व्यक्ति को भगवान राम के बताये रास्ते पर चलना चाहिये।

इस मौके पर रेशपाल मुंशी, अजमाहसे जी, बिन्नू पहलवान, ऋषि पहलवान, फिरे भाटी, नरेन्द्र भाटी, रणवीर भाटी, हरपाल, हातमसिंह हरेन्द्र, महेश, गौरव, अनिल डाढा, सन्दीप आदि लोग उपस्थित रहे।

## अयोध्या की तरह सजी गृहप्रवेश सोसाइटी




**नोएडा ( चेतना मंच )।** 22 जनवरी 2024 को पूरा देश राममय हो गया। हर घर-हर मंदिर में राम भजन और लोग राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर चर्चा कर रहे हैं। वहीं नोएडा के सेक्टर-77 स्थित गृहप्रवेश सोसायटी में एक अद्भुत नजारा देखने को मिला, सोसाइटी एक छोटी अयोध्या के रूप में सजी हुई थी वही अयोध्या में राम-मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य सोसाइटी में भव्य आयोजन किये गए और भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

गृहप्रवेश सोसाइटी के एओए अध्यक्ष अतिश मोहंती, सचिव मानवीर सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश सिंह, उपाध्यक्ष देवांश सिन्हा ने संयुक्त रूप से बताया कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक कार्यक्रम पर सोसायटी में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। आरती, प्रसाद, भंडारा वितरण के साथ साथ श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे एयर कमोडर अनुराग जोशी एवं पवन राज सिंह ने बच्चों और महिलाओं को विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने के सम्मानित किया।

सोसाइटी के एस्टेट मैनेजर मनोज मिश्रा ने कहा आज हमारी पूरी सोसाइटी राममय हो गई।

रानी तिवारी ने बताया कि हमारी सोसायटी के प्रत्येक निवासी ने इस पर्व को रामोत्सव और दीपावली की तरह मनाया। आयोजन के मुख्य आकर्षण राधा शर्मा एवं मंडली द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, राम भजन और श्री राम की भव्य शोभायात्रा रही, सोसायटी के मंदिर में 1001 दीये प्रज्जवलित किए गए।

इस अवसर पर अनुभा पेठिया, अंजू महेश्वरी, अनु मोहंती, प्रबोध कौशिक, अल्पना ग्रोवर, गायत्री कपूर, पूजा कपूर, शोभा सूद, अर्चना सहगल, नीलम भयाना, विजया जोशी, सरिता शर्मा, शारदा श्रीवास्तव, अमिता कटारिया, ज्योति शर्मा, रानी तिवारी, मृदुला शर्मा, रीना अग्रवाल, राखी वर्मा, आशा मदान, रेनू राय, रमेश सोनी, आतिश मोहंती, मनवीर सिंह, देवांश सिन्हा, वासुदेव, माया शर्मा, संतोष, वीणा खट्टर, सरोज गर्ग, राधिका चौहान, आर.पी. सिंह का विशेष योगदान है।

## भाजपाईयों ने मंदिरों में की विशेष पूजा





**नोएडा ( चेतना मंच )।** अयोध्या में राम मंदिर में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विधि-विधान से मंदिर के गर्भगृह में रामलला को प्रतिष्ठित किया है। इसी अवसर पर आज भाजपा नोएडा द्वारा अनेकों मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सांसद डॉ. महेश शर्मा ने सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-120 में सुबह रहे और उसके बाद सांसद दनकौर और खुर्जा में कई मंदिरों में रहे। जहां उन्होंने हवन और मंदिरों में पूजा अर्चना की।

राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नागर सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-19 में रहे। विधायक पंकज सिंह सेक्टर शिव दुर्गा मंदिर सेक्टर-22 में रहे। नोएडा के प्रभारी और राज्य सभा सांसद श्रीमती कांता कर्दम सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-39 में रही। राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल प्राचीन शिव मंदिर सुल्तानपुर में रहे, वही नवाब सिंह नागर द्वारकाधीश मंदिर भंगेल में रहे।

जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता बालाजी मंदिर सेक्टर-126 में रहे, जहां लाइव टेलीकास्ट भी चला और वहाँ उन्होंने पूजा-अर्चना की। के. विकास गुप्ता ने शनि मंदिर अगापुर में इस अवसर पर पूजा की।

इन सभी कार्यक्रमों में श्रीमती बिमला बाथम, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, पूर्व जि़लाध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी, राकेश शर्मा, जुगराज चौहान, क्षेत्रीय मंत्री बीजेंद्र नागर, उपाध्यक्ष श्रीमती गिरजा सिंह, धर्मेन्द्र गुप्ता, महेश अवाना, मण्डल अध्यक्ष पंकज झा, कल्लू सिंह, गोपाल गौड़, अमित त्यागी, उमेश यादव, शारदा चतुर्वेदी, नीरज चौधरी, अमित नगपाल, अजीत पांडेय, शिवानी शरद आदि कार्यकर्ता रहे।

## बच्चों से भरी बस में लगी भीषण आग, स्थानीय लोगों ने किया रेस्क्यू, कोरबा के पास हुआ हादसा



**कोरबा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में बच्चों से भरी बस में आग लगने की खबर के बाद हड़कंप मच गया। पिकनिक से लौट रही बच्चों से भरी बस में अचानक आग लग गई। इस बस में शिक्षक और बच्चों को मिलाकर कुल 50 लोग सवार थे। जिसके बाद आग से जल रही बस से गांव के लोगों की मदद से रेस्क्यू कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। बताया जा रहा है कि आग चलती बस में लगी थी। अचानक शिक्षक को पता चला की बस में आग लग गई है। उसने तुरंत बस रोकवाई। फिर सभी बच्चों को बाहर उतारा गया है। यह सभी बच्चे पिकनिक मनाने कोरबा जिले के सतरेंगा गए थे। बस में बैठकर वह वापस लौट रहे थे। वापस लोटने के दौरान यह हादसा हुआ। जैसे है बस में आग लगने की खबर लगी। बस के भीतर चीख पुकार शुरू हो गई। राहगीरों की मदद से बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। अच्छी बात यह रही कि ड्राइवर और शिक्षक की सूझबूझ के कारण एक बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## चिराग ने पीएम को लिखा पत्र, कहा- आपकी वजह से करोड़ों रामभक्तों का सपना पूरा हुआ

**पटना, एजेंसी।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम की विग्रह मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने को लेकर धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि आपकी वजह से करोड़ों रामभक्तों का सपना पूरा हुआ। बिहार के जमुई के सांसद चिराग ने पीएम को लिखे पत्र में कहा कि हम सभी 140 करोड़ देशवासियों के लिए अत्यंत हर्ष की बात है कि आपके नेतृत्व में रिकॉर्ड समय के अंदर अयोध्या धाम के भव्य राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला की विग्रह मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। पत्र में कहा गया है कि आज का दिन हम सभी भारतवासियों के लिए स्वर्णिम दिन है जिसकी परिकल्पना लगभग 500 वर्षों से हमारे पूर्वज करते आ रहे थे, आज वो सार्थक हो पाया है। राम मंदिर का निर्माण हिंदुओं की आस्था से जुड़ा एक महत्त्वपूर्ण विषय है। यह आपके साहसिक प्रयासों का परिणाम है। देश की न्यायिक प्रक्रिया के ऐतिहासिक निर्णय से ही राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने यह भी लिखा है कि आज मेरे पिता रामविलास पासवान जी जीवित होते तो यकीनन वे भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी होते। पापा आज जहां कहीं भी होंगे बहुत खुश होंगे। आज आपकी वजह से करोड़ों राम भक्तों का सपना पूरा हुआ है। पत्र में चिराग ने पीएम को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके कुशल मार्गदर्शन और सशक्त नेतृत्व में सैकड़ों वर्षों से चले आ रहे सामाजिक-सांस्कृतिक विसंगतियों को सफलतापूर्वक हल और देश के प्रत्येक नागरिक के सम्मान को सुरक्षित किया है।



## प्राण प्रतिष्ठा पर भावुक हुए मनोज मुंतशिर शुक्ला, बोले- पता नहीं कितनी सुहागिनों की मांगे उजड़ गई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 22 जनवरी का दिन पूरे भारत के लिए बेहद खास है। कुछ ही पलों में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू होने वाला है। इस समारोह में शामिल होने के लिए बॉलीवुड से आयुष्मान खुराना, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, रोहित शेट्टी सहित कई स्टार्स अयोध्या पहुंच चुके हैं। इसी बीच आदिपुरुष के डायलॉग के लिए चर्चा में आए मनोज मुंतशिर शुक्ला का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। 22 जनवरी के महत्व को समझाते हुए मनोज मुंतशिर ने कहा- 22 जनवरी ये वो तारीख है, जो अपने आप चलकर हमारे पास नहीं आई है।

# मैंने ऐसा क्या अपराध किया कि मैं मंदिर नहीं जा सकता?

### राहुल गांधी का राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले PM मोदी पर कटाक्ष



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को असम में श्रद्धेय वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बताद्रवा थान पहुंचे, हालांकि उन्हें मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई जिसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया।

राहुल गांधी ने कहा, हम मंदिर (बताद्रवा थान) जाना चाहते हैं। मैंने ऐसा क्या अपराध किया है कि मैं मंदिर नहीं जा सकता?... मैं मंदिर जाना चाहता हूं, इसमें गलत क्या है? कांग्रेस नेता ने अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए कहा पहले हमें आमंत्रित किया गया था लेकिन अब प्रशासन कह रहा है कि हम नहीं जा सकते। आज सिर्फ एक व्यक्ति मंदिर में जा सकता है..., ।

कांग्रेस नेता की भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिलहाल असम चरण में है। बत्रादावा थान की प्रबंधन समिति ने रविवार को कहा था कि राहुल गांधी को अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद बत्रादावा में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। थान प्रबंधन समिति ने कहा, कल राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है और थान में कई श्रद्धालु आएंगे. इसके अलावा थान परिसर के बाहर भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। इसी वजह से राहुल गांधी का दौरा कार्यक्रम 3 बजे के बाद होगा पीएम और बैठक में यह निर्णय लिया गया है। वहीं, कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी, जयराम रमेश ने कहा कि एकमात्र उद्देश्य राहुल गांधी को धार्मिक स्थल पर जाने से रोकना था। उन्होंने कहा कि राहुल को बत्रादावा थान जाने की अनुमति दी गई थी। यह एक ऐतिहासिक स्थान है।

यह महान धार्मिक व्यक्ति शंकर देव जी का जन्मस्थान है। गौरव गोगोई, जो यहां से सांसद हैं, को भी अनुमति दी गई थी। अचानक हमें बताया गया कि हम नहीं जा सकते जाओ... यह असम सरकार का दबाव है। इसका एकमात्र उद्देश्य राहुल जी को इस धार्मिक स्थान पर जाने से रोकना है। इससे बड़ा अन्याय नहीं हो सकता है। जयराम रमेश ने कहा, हमने कहा था कि हम जनवरी को सुबह 7 बजे वहां आएंगे। हमें बताया गया था कि हमारा स्वागत होगा। लेकिन कल, हमें अचानक बताया गया कि हम दोपहर 3 बजे तक वहां नहीं आ सकते। हम वहां जाने की कोशिश करेंगे लेकिन 3 बजे के बाद वहां जाना बहुत मुश्किल है क्योंकि हमें एक रास्ता तय करना होगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर असम के मुख्यमंत्री के साथ वाकयुद्ध के बीच, राहुल गांधी, जयराम रमेश, गौरव गोगोई और केसी वेणुगोपाल समेत कांग्रेस नेताओं को सोमवार को सातरा गांव के धार्मिक स्थल बताद्रवा थान जाने से रोक दिया गया। कल, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने राहुल गांधी से आज होने जा रहे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूरा होने के बाद बोरदोवा थान का दौरा करने की अपील की। असम से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि राज्य सरकार की कार्रवाई से राहुल गांधी की भक्ति कम नहीं होगी और न ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शक्ति पर कोई असर पड़ेगा। यात्रा के दिन राहुल जी बार-बार शंकर देव जी के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त कर रहे हैं और आज उन्हें रोक दिया गया है।

इस बीच, असम के सीएम हिमंत ने कल कहा कि सत्र समिति ने राहुल गांधी को आमंत्रित नहीं किया है। शाम को आप जा सकते हैं लेकिन असम को खराब रोशनी में न लाएं। सरमा ने कहा, वह दोपहर 2 बजे के बाद या सुबह के समय बताद्रवा जा सकते हैं। मुझे लगता है कि अगर वह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान उन 2-3 घंटों के दौरान बताद्रवा नहीं जाते हैं तो अच्छा होगा।

## मोदी की जगह कोई दूसरा पीएम होता तो राम मंदिर नहीं बन पाता- आचार्य प्रमोद कृष्णम

**अयोध्या , एजेंसी।** अयोध्या में रामलला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के बीच कांग्रेस के एक नेता ने राममंदिर निर्माण का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि यदि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री ना होते तो राममंदिर नहीं बन पाता। राममंदिर के लिए पीएम मोदी की तारीफ करने वाले नेता हैं आचार्य प्रमोद कृष्णम जो प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने की वजह से कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना भी कर चुके हैं।



आचार्य प्रमोद कृष्णम ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में पीएम मोदी की तारीफ की और कहा कि उन्हीं की वजह से आज का यह शुभ दिन आया है। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, मंदिर का निर्माण अदालत के फैसले से हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया। भगवान श्रीराम जन्मभूमि के मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। अब प्राण प्रतिष्ठा है। यह बात ठीक है कि मंदिर का निर्माण अदालत के फैसले से हुआ, लेकिन अगर मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं होते, यदि उनकी जगह कोई और पीएम होता तो यह फैसला ना होता, यह मंदिर नहीं बन पाता। मैं रामंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के इस शुभदिन का श्रेय नरेंद्र मोदी को देना चाहता हूं।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, सरकारें आईं, कितनी सरकारें आईं, कितने प्रधानमंत्री आए, विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस, बजरंग दल, संत-महात्माओं के बड़े बलिदान हैं। बड़ा लंबा संघर्ष है, लेकिन यदि मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं होते तो मंदिर का निर्माण नहीं हो पाता।

राममंदिर के मुद्दे पर पार्टी के रुख से अलग बयान दे रहे प्रमोद कृष्णम ने कहा कि वह राम के नाम पर सिर कटाने को तैयार हैं। उन्होंने एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में कहा , भगवान राम के नाम पर मैं अपना सर कटाने को तैयार हूं निष्?कासन क?या चीज है और भगवान राम के नाम पर अगर मेरा बलिदान होता है तो इससे बड़ा मेरा और क?या सौभाग?य हो सकता है। सवाल राजनीति का नहीं, सरकारों का नहीं। सरकारें आएंगी जाएंगी, सत्ता आएगी जाएगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी। लेकिन हमेथा थे, हैं और रहेंगे। मुझे कोई किसी दल से निकाल सकता है, लेकिन जनता के दिल से नहीं। जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं।

## तेज प्रताप ने कहा, राम को लाने से पहले अपने अंदर के रावण को बाहर निकालें अंधभक्त

**पटना, एजेंसी।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है और कई जगहों पर राम नाम का भजन, अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस बीच, राजद के नेता और बिहार के मंत्री तेज प्रताप यादव ने नसीहत देते हुए कहा कि अंधभक्त राम को लाने से पहले अपने अंदर के रावण को बाहर निकालें। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के पुत्र और मंत्री तेज प्रताप ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि राम तो सबके मन में हैं। अंधभक्त राम को लाने से पहले अपने अंदर के रावण को बाहर निकालें क्योंकि राम के लोग कभी भेदभाव नहीं करते। उन्होंने आगे लिखा कि सबसे पहले महिलाओं के ख़िलाफ़ अत्याचार बंद होना चाहिए और ग़रीबी और भूख जैसे रावण को कैसे ख़त्म करे इस पर विचार होना चाहिए। राम को लाना है तो अपने बुरे विचारों को बाहर निकालिए और देश को प्रेम, सद्भाव और खुशहाली के रास्ते पर ले के चलिए। उल्लेखनीय है कि लालू प्रसाद पहले ही इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने से इनकार कर चुके हैं।



# अग्निवीरों के लिए बड़ा अपडेट, भारतीय सेना में भर्ती के लिए देना होगी एक और परीक्षा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेना में भर्ती होने वाले उम्मीदवारों को इस साल से अनिवार्य रूप से मानसिक जांच परीक्षा से गुजरना होगा। इनमें तीन पैरामीटरों पर जवानों की जांच होगी। एक कहीं उसमें खुद को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्ति तो नहीं है। दूसरे, वह दूसरों को तो नुकसान नहीं पहुंचाएगा और तीसरे सामाजिक रूप से उसकी प्रवृत्ति नकारात्मक तो नहीं है। इन तीन पैरामीटर पर खरा उतरने के बाद ही उसे सैनिक बनने का मौका मिलेगा। सेना के सूत्रों ने कहा कि यह प्रावधान अग्निवीरों से शुरू होगा तथा अन्य सभी भर्तियों पर लागू होगा। जहां सीधे भर्ती है, वहां भी उम्मीदवारों को यह परीक्षा देनी होगी। माना जा रहा है कि यह कदम सेना में आत्महत्या या सहयोगियों पर बढ़ते हमलों और कई जवानों के समाज विरोधी कार्य में लिप्त होने के मद्देनजर लिया गया है। सैन्य सूत्रों के अनुसार अग्निवीरों की भर्ती में मानसिक स्वास्थ्य जांच परीक्षा को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया था। पिछले



साल रोहतक में अग्निवीरों की भर्ती में इसकी शुरूआत की गई थी। अब सभी केंद्रों पर अग्निवीरों की भर्ती में इसे लागू करने की तैयारी है। वर्ष 2024-25 के दौरान इसे पूरी तरह से क्रियान्वित कर दिया जाएगा। सेना में अग्निवीरों के साथ-साथ मिलिट्री पुलिस में भर्ती होने वाले जवानों के लिए यह भी यह परीक्षा अनिवार्य की जाएगी।

### मेडिकल के दौरान होगी ये परीक्षा

सेना ने मानसिक जांच के लिए एक माड्यूल तैयार किया है जिसमें उपरोक्त तीन पैरामीटर पर जवानों की मानसिकता को परखा जाएगा। मेडिकल जांच के दौरान ही यह परीक्षा पूरी होगी। सेना के सूत्रों के अनुसार प्रतिवर्ष 100-140 जवान आत्महत्या करते हैं। तीनों सेनाओं में मिलाकर यह संख्या और भी ज्यादा है। संसद में दी गई जानकारी के अनुसार 2017-22 के बीच में तीनों सेनाओं के करीब आठ सौ जवानों ने आत्महत्या की है। हालांकि इसमें कुछ मामले गलती से गोली चलने के कारण मौत के भी हो सकते हैं। इसके अलावा कई ऐसी घटनाएं भी हुई हैं जब जवान ने छुट्टी नहीं मिलने और अन्य कारणों के चलते अपने साथियों या अफसर पर हमले किए। सेना के अनुसार जवानों में बढ़ते तनाव से निपटने के लिए अलग से भी मानसिक देखभाल कार्यक्रम मानसिक सहायता अभियान 'मन्सा' भी शुरू किया गया है। जिसमें अग्निवीर समेत सभी रैंक को शामिल किया गया है।

# 1 हजार साल तक खड़ा रहेगा राम मंदिर, भूकंप और बाढ़ से कुछ नहीं बिगड़ेगा



**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या के भव्य राम मंदिर में आज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। यह मंदिर महज पूजा करने की जगह नहीं है, बल्कि इसमें प्राचीन आस्था और आधुनिक विज्ञान का भी मित्रण है। राम मंदिर मॉर्डन इंजीनियरिंग के चमत्कार को दर्शाता है। इसे इतनी ज्यादा मजबूती दी गई है कि यह भूकंप के जोरदार झटकों और भीषण बाढ़ का सामना भी आसानी से कर सकता है। साथ ही अयोध्या का यह दिव्य राम मंदिर 1,000 साल तक मजबूती से खड़ा रहने वाला है। टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड के मैनेजमेंट के साथ लार्सन एंड टुब्रो कंपनी की ओर से राम मंदिर बनाया जा रहा है। यह सावधानीपूर्वक बनाए गए प्लान और आधुनिक निर्माण तकनीकों का नतीजा है। राम मंदिर का डिजाइन पारंपरिक नागर वास्तुकला शैली से प्रभावित है जिसमें 360 पिलर्स लगाए गए हैं। मंदिर पूरी तरह से पत्थरों से बनाया गया है जिसमें आधुनिक लोहे, स्टील और यहां तक कि सीमेंट का इस्तेमाल नहीं हुआ है। यह फैसला इसलिए लिया गया ताकि मंदिर को भूकंप से सुरक्षित रखा जा सके। मालूम हो कि दूसरे मैटेरियल्स की तुलना में पत्थर की जीवनकाल लंबा और टिकाऊ होता है। यही वजह मानी जाती है कि अभी भी सैकड़ों साल पुराने कई मंदिर सुरक्षित हैं।

**मंदिर के नींव पर दिया गया विशेष ध्यान :** राम मंदिर बनाते समय वैज्ञानिकों की ओर से उसकी नींव पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह मंदिर रोल्ड कॉम्पैक्ट कंक्रीट की 15 मीटर मोटी परत पर बनाया गया, जिसमें फ्लाई ऐश, डस्ट और केमिकल्स से बने कॉम्पैक्ट कंक्रीट की 56 परतें शामिल हैं। इस मजबूत आधार को ग्रेनाइट के 21 फुट मोटे चबूतरे से और ज्यादा मजबूती दी गई है, जो मंदिर को नमी से बचाने में मदद करेगा। नींव के पिलर्स की तुलना नदियों पर बने बड़े पुलों से कर सकते हैं, जो भूकंपीय गतिविधियों से मंदिर की मजबूती सुनिश्चित करेंगे।

**जमीन को 15 मीटर खुदवाया और मिट्टी निकाली :** इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, राम मंदिर 6.5 तीव्रता तक के भूकंप को सहने में सक्षम है। ऐसा अनुमान है कि 1,000 साल तक इसकी मरम्मत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मंदिर बनाने वाली टीम ने अयोध्या से नेपाल तक फैले क्षेत्र में अब तक आए भूकंपों की तीव्रताओं को माप की। इसके बाद इस मंदिर के लिए यूनिक फाउंडेशन डिजाइन करने के लिए प्रयोगशाला में काम हुआ।

## उदयपुर में भीषण सड़क हादसा, जीप पलटने से 5 दोस्तों की मौत

**उदयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के उदयपुर के बेकरिया थाना क्षेत्र में गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर उखलिया सुरंग के पास बीती रात एक तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें 3 युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 2 घायल युवकों ने हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जीप की स्पीड इतनी तेज थी कि अनियंत्रित होने के बाद वह रोड पर तीन से चार बार पलट गई। जीप में सवार युवकों के सिर और हाथ-पैर बुरी तरह टूट गए है। बेकरिया थानाधिकारी प्रभु सिंह चुण्डावत ने बताया कि हादसे में घाटा नाड़ी निवासी मृतक पूना पिता ?पीथा गरासिया(20), मनोज पिता राजाराम गरासिया(22), आक्यावड़ निवासी नाथू पिता खेता गरासिया(23) और देवला निवासी भीमा पिता हकमा गरासिया(25) की मौत हो गई। जबकि एक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। थानाधिकारी ने बताया कि जीप में सवार पांचो दोस्त गोगुंदा से अपने गांव देवला की ओर आ रहे थे।

## अयोध्या में इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन इस साल मई से भव्य मस्जिद का निर्माण शुरू कर देगा

**अयोध्या , एजेंसी।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बीच अयोध्या में बनने वाली मस्जिद को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन इस साल मई से भव्य मस्जिद का निर्माण शुरू कर देगा। इसे पूरा होने में 3-4 साल का समय लग सकता है। मस्जिद प्रोजेक्ट की देखरेख इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन की डेवलपमेंट कमिटी कर रही है जिसके प्रमुख हाजी अरफात शेख हैं। उन्होंने कहा कि इस मस्जिद के लिए धन जुटाने को लेकर क्राउड-फंडिंग वेबसाइट लॉन्च करने की तैयारी है। अयोध्या में बनने वाली इस मस्जिद का नाम पैगंबर मुहम्मद के नाम पर मस्जिद मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह रखा जाएगा। शेख ने बताया, हमारा प्रयास लोगों के बीच दुश्मनी और नफरत को खत्म करना रहा है। हम लोगों में एक-दूसरे के प्रति प्रेम भरना चाहते हैं, चाहे आप सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार करें या न करें। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने बच्चों और लोगों को अच्छी बातें सिखाएंगे तो यह लड़ाई अपने आप खत्म हो जाएगी। जुफर अहमद फारूकी आईआईसीएफ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था ने फंड के लिए किसी से भी संपर्क नहीं किया है। फारूकी ने कहा, हमने अब तक किसी से संपर्क नहीं साधा है। फंड के लिए कोई सार्वजनिक आंदोलन भी नहीं चलाया है। आईआईसीएफ के सचिव अतहर हुसैन हैं। उन्होंने कहा, यह बात सही है कि मस्जिद के निर्माण में देरी हुई है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हम इसकी डिजाइन में और अधिक पारंपरिक तत्व जोड़ना चाहते थे। खास बात यह भी है कि मस्जिद के परिसर में 500 बेड वाला हॉस्पिटल भी बनाया जाएगा।

# जाट आंदोलन का समर्थन करने पहुंचे BJP विधायक

### बोले- वाजिब है मांग, कमेटी गठित

**धौलपुर , एजेंसी।** डीग कुम्हेर से भाजपा विधायक शैलेश सिंह रविवार को जाट आरक्षण आंदोलन को समर्थन देने के लिए महापड़ाव स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आरक्षण की मांग वाजिब है। हम सरकार से निवेदन करेंगे की दोनों जिलों के जाटों को आरक्षण देने की पहल सकारात्मक रूप से की जाए। केंद्र की ओबीसी में भरतपुर धौलपुर जिले के जाट आरक्षण की मांग कर रहे हैं। इसके लिए गांव जयचौली में महापड़ाव जारी है। सरकार की तरफ से वार्ता के लिए निमंत्रण लेकर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक रघुवीर कबिया और वैर के उपखंड अधिकारी ललित मीणा आंदोलन स्थल पर जाट नेताओं के पास पहुंचे। ये अधिकारी सरकार की तरफ से जाट नेताओं के पास निमंत्रण लेकर पहुंचे कि मुख्यमंत्री जाट आरक्षण संघर्ष समिति से वार्ता



करने के लिए तैयार हैं। उधर, इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने 16 सदस्यों की टीम का गठन किया है जो मुख्यमंत्री से वार्ता करने जाएगा। लेकिन महापड़ाव जारी रहेगा जब तक आरक्षण मिलने की मांग पूरी नहीं हो जाती है। फिलहाल भरतपुर धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने 16 सदस्यों की टीम का गठन कर दिया है जो निमंत्रण के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से वार्ता करने के लिए जयपुर जाएंगे।

भरतपुर धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा और वार्ता सफल नहीं हुई तो आंदोलन उग्र भी किया जाएगा। भरतपुर धौलपुर के जाट केंद्र की ओबीसी में आरक्षण की मांग वर्ष 1998 से कर रहे हैं। आंदोलन हमारा शौक नहीं मजबूरी है। शांतिपूर्ण तरीके से हमारा आंदोलन चल रहा है। आज तीन दिन हो चुके हैं। यदि सरकार ने हमारी मांग पूरी नहीं की तो 22 जनवरी के बाद कभी भी आंदोलन को उग्र किया जा सकता है। चक्का जाम किया जा सकता है। नेम सिंह फौजदार ने कहा कि पुलिस और प्रशासन के दो अधिकारी हमारे पास राज्य सरकार का निमंत्रण लेकर आए हैं। जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने 16 सदस्यों की टीम का गठन किया है जो मुख्यमंत्री से वार्ता करने के लिए जाएंगे। लेकिन हमारा महापड़ाव जारी रहेगा। किसी भी समस्या का समाधान वार्ता से होता है जिसके लिए हम तैयार हैं मगर मांग पूरी नहीं होने तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हमारे दोनों जिलों के जाटों को केंद्र में आरक्षण देने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। मुख्यमंत्री और कमेटी के सदस्यों के बीच क्या वार्ता होती है और कितनी सफल होती है। आरक्षण नहीं मिलने तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा लेकिन सरकार के साथ किसी भी स्तर की वार्ता के लिए हम हमेशा तैयार थे और हैं। मालूम हो कि भरतपुर, धौलपुर के जाटों ने केंद्र में ओबीसी वर्ग में आरक्षण की मांग के लिए बुधवार से मुंबई दिल्ली रेलवे मार्ग से करीब 300 मीटर की दूरी पर महापड़ाव शुरू कर दिया है। आंदोलनकारियों ने सभी रेलवे मार्ग और सडकों को जल्द ही जाम करने की चेतावनी जारी कर दी है। यह महापड़ाव जयचोली गांव में जारी है, जहां आंदोलनकारियों के लिए खाने पीने और ठंड से बचने के लिए इंतजामात किए गए हैं।

## यह सभी के लिए शांति और ज्ञान लाएं: केशव महाराज

जोहान्सबर्ग। क्रिकेट के मैदान पर राम सिया राम की भक्ति धुन पर चलना पसंद करने वाले दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सराहना करते हुए



उम्मीद जताई है कि इससे संपूर्ण मानवता के लिए सद्भावना और शांति आएगी। 33 वर्षीय ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सराहना करते हुए सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो पोस्ट किया। महाराज ने कहा, मैं महेश कुमार (जोहान्सबर्ग में भारत के महावाणिज्यदूत) और दक्षिण अफ्रीका में पूरे भारतीय समुदाय को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यह सभी के लिए शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक ज्ञान लाए। हाल ही में एक इंटरव्यू में बाएं हाथ के स्पिनर ने भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति के बारे में बात की। जब वह दक्षिण अफ्रीका में एक मैच के दौरान बीच में आए, तो इन-हाउस डीजे राम सिया राम, जय जय राम बजाता है। उनके अनुसार, पृष्ठभूमि में गाना उन्हें जोन में ले जाता है। उन्होंने कहा, मेरे लिए ईश्वर सबसे बड़ा आशीर्वाद है और अगर मुझे मौका मिलता है तो यह कम से कम मैं कर सकता हूं और यह आपको क्षेत्र में लाता है और अन्य खिलाड़ियों से सम्मान प्राप्त करता है। धर्म और संस्कृति का सम्मान करना महत्वपूर्ण है, पृष्ठभूमि में राम सिया राम बजते हुए सुनना एक अच्छा एहसास है। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस कार्यक्रम को लाखों लोगों ने अपने घरों और पूरे भारत के मंदिरों में टेलीविजन पर देखा।

## मैक्सवेल शराब पीने के बाद अस्पताल पहुंचे, जांच कर रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया



मेलबर्न- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जांच शुरू कर दी है जिन्हें पिछले हफ्ते एडीलेड में देर रात पार्टी करने के बाद अस्पताल ले जाना पड़ा था। मैक्सवेल शराब पी रहे थे और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली की मौजूदगी वाले बैंड 'सिक्स एंड आउट का कंसर्ट देख रहे थे जब उनकी तबीयत बिगड़ गई। सीए ने कहा है कि उसे मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जानकारी है। इस ऑलराउंडर ने पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सीए ने बयान में कहा, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को सप्ताहांत एडीलेड में ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जानकारी है और आगे की सूचना मांगी जा रही है। पिछले हफ्ते फाइनल में जगह बनाने में असफल होने के बाद बिग बैश लीग टीम मेलबर्न स्टार्स की कप्तानी छोड़ने वाले मैक्सवेल को दो से छह फरवरी तक वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 13 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। सीए ने कहा, 'यह उन्हें एकदिवसीय टीम में जगह नहीं देने से संबंधित नहीं है। यह निर्णय बीबीएल के बाद और उनकी व्यक्तिगत प्रबंधन योजना के आधार पर लिया गया था। मैक्सवेल के टी20 श्रृंखला के लिए वापसी की उम्मीद है। इस समय कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। मैक्सवेल को कुछ देर रुकने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी है।

# डेविस कप : भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए तैयारी शुरू की



नई दिल्ली। भारतीय डेविस कप टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाले आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए यहां कड़ाके की ठंड में आयोजित शिविर में तैयारी शुरू कर दी है। इस तैयारी शिविर में टीम का ध्यान अभ्यास के साथ दूसरे एकल मुकाबले को खेलने वाले खिलाड़ी को तय करने पर होगा।

देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल (137वीं रैंकिंग) और शशिकुमार मुकुंद (463वीं रैंकिंग) ने इस्लामाबाद में तीन और चार फरवरी को होने वाले मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया है। उनकी अनुपस्थिति का मतलब है कि रामकुमार रामनाथन टीम में एकमात्र एकल विशेषज्ञ खिलाड़ी हैं। कप्तान रोहित राजपाल को दूसरा एकल खेलने के लिए युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी में से किसी एक को चुनना होगा।

एटीपी युगल रैंकिंग में 61 वें स्थान पर काबिज भांबरी टीम के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। उनका युगल मुकाबला खेलना लगभग निश्चित है। भारत के सर्वश्रेष्ठ युगल खिलाड़ी अनुभवी रोहन बोपन्ना ने डेविस कप से संन्यास ले लिया है। टीम के पास निकी पुनाचा भी एक विकल्प हैं लेकिन उनकी रैंकिंग 783 है। टीम उन्हें एकल में उतारने के जोखिम से बचना चाहेगी।

भांबरी और बालाजी दोनों ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के बाद सीधे मेलबर्न से यात्रा की और एक दिन की छुट्टी ली। रामकुमार, पूनाचा और साकेत माइनेनी ने ढाई घंटे तक चले हल्के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। 'नेशनल टेनिस सेंटर (एनटीसी) में इन तीनों खिलाड़ियों को 'वॉर्म अप में मदद कराने के लिए उदित कंबोज और मान केसरवानी के रूप में दो सहयोगी मिले हुए थे।

राजपाल ने कहा, 'ये सभी खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग लेकर आ रहे है। हमारी योजना अच्छे से अभ्यास करने की है। घसियाले कोर्ट पर अलग तरह की लय की जरूरत होती है। इसमें काफी दौड़ना होता है और नेट का अच्छे से इस्तेमाल करना होता है। हम जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे वैसे लय हासिल करेंगे। उन्होंने कहा, 'हम अपने दूसरे एकल खिलाड़ी का फैसला दो-तीन दिन में कर लेंगे। मैंने खिलाड़ियों को घास वाले कोर्ट पर खेलते देखा है।

राजपाल ने कहा, 'पाकिस्तान ने ग्रास कोर्ट पर बेहतर टीमों को शिकस्त दी है, ऐसे में हमें अपनी तैयारी दुरुस्त करनी होगी और किसी भी चीज को हलके में नहीं लेना होगा। उनके खिलाड़ी घास के कोर्ट का इस्तेमाल करना जानते है। हमें इससे सामंजस्य बिठाना होगा। हम उसी के अनुसार अपनी तैयारी की योजना बना रहे हैं, बहुत सारे अभ्यास उसी पर आधारित हैं।

भारतीय कोच जीशान अली ने भी माना कि खिलाड़ियों के लिए ग्रास कोर्ट से सामंजस्य बिठाना चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, 'इन खिलाड़ियों को घास पर ज्यादा खेलने का मौका नही मिलता है। सतह से सामंजस्य बिठाना सफलता की कुंजी है। इस शिविर में हम इसी पर काम करेंगे।

# भारतीय टीम को लगा झटका पहले दो टेस्ट से हटे विराट कोहली




नई दिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से इंग्लैंड के खिलाफ आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट श्रृंखला के पहले दो टेस्ट से हटने का अनुरोध किया जिसे बीसीसीआई ने स्वीकार कर लिया है।

विराट ने कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और इस बात पर जोर दिया है कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, लेकिन कुछ व्यक्तिगत कारणों से सीरीज से बाहर हो रहे हैं। बीसीसीआई उनके फैसले का सम्मान करता है और बोर्ड और टीम प्रबंधन ने स्टार बल्लेबाज को अपना समर्थन दिया है और टीम के बाकी सदस्यों की टेस्ट श्रृंखला में सराहनीय प्रदर्शन करने की क्षमताओं पर भरोसा है।

कोहली के सीरीज से बाहर होने पर बयान में कहा गया कि बीसीसीआई मीडिया और प्रशंसकों से अनुरोध करता है कि वे इस दौरान विराट कोहली की गोपनीयता का सम्मान करें और उनके व्यक्तिगत कारणों की प्रकृति पर अटकलें लगाने से बचें। भारतीय क्रिकेट टीम को टेस्ट श्रृंखला में आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए समर्थन देने पर ध्यान केंद्रित रहना चाहिए। पुरुष चयन समिति जल्द ही एक प्रतिस्थापन की घोषणा करेगी।

गौर हो कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से शुरू होगी जिसका आखिरी मैच 7 मार्च को खेला जाएगा।

## एलिस्टेयर कुक इंग्लैंड की तैयारी की कमी से चिंतित



लंदन। पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की कठिन श्रृंखला से पहले भारत में इंग्लैंड की 'मैच तैयारी की कमी एक 'समस्या हो सकती है लेकिन रोहित शर्मा की टीम को पछाड़ने के लिए उन्हें टीम के 'बैजबॉल (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये पर भरोसा है। कुक की अगुआई में ही इंग्लैंड ने 2012 में भारत के आखिरी टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

अबु धाबी की 'उपमहाद्वीप जैसी परिस्थितियों में एक महीने के ट्रेनिंग शिविर का विकल्प चुनने के बाद बेन स्टोक्स और उनकी टीम गुरुवार से होने वाले शुरुआती टेस्ट से ठीक चार दिन पहले रविवार को हैदराबाद पहुंची। वर्ष 2012-13 की श्रृंखला में भारत पर 2-1 की जीत के दौरान 562 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे कुक ने 'द संडे टाइम्स में अपने कॉलम में लिखा, 'इंग्लैंड के लिए मैच की तैयारी की कमी एक समस्या होगी।

उन्होंने कहा, 'यह आधुनिक दौरे की प्रकृति है। जब हमने 2012 में भारत में जीत हासिल की थी तो हमने अच्छी टीमों के खिलाफ तीन अभ्यास मैच खेले थे। युवराज सिंह, अजिंक्य रहाणे और मुरली विजय भारत ए टीम में शीर्ष चार में शामिल थे जिनका हमने सामना किया था और चेतेश्वर पुजारा ने अन्य मुकाबलों में से एक खेला था। कुक ने कहा कि कम से कम एक अभ्यास मैच होना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'यह अच्छा होगा यदि दौरा करने वाली टीमों के लिए अच्छी परिस्थितियों में अच्छे अभ्यास मैच आयोजित करने के लिए देशों के बीच किसी प्रकार का अनौपचारिक समझौता हो। इस समय कई श्रृंखलाओं में घरेलू टीम का पूरी तरह से दबदबा है और मुझे नहीं लगता कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा है।

इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में हार के बाद भारत 14 घरेलू टेस्ट श्रृंखलाओं में अजेय रहा है। हालांकि कुक को इंग्लैंड के बैजबॉल रवैये पर भरोसा है जो आक्रामक होकर खेलने की रणनीति है। टीम ने पिछले साल पाकिस्तान के सफल दौरे (3-0 की जीत) में ऐसा किया था। कुक ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि इंग्लैंड भारत में क्या करने की कोशिश करने जा रहा है और अब मुझे लगता है कि यह उनकी सफलता का सबसे अच्छा मौका है। वे उपमहाद्वीप में बल्लेबाजी के पारंपरिक नियमों का पालन नहीं करेंगे। मुझे हमेशा से लगा है कि शुरुआती 30 गेंद महत्वपूर्ण होती हैं जब आप सामंजस्य बैठाने का प्रयास कर रहे होते हो।

कुक ने कहा कि इंग्लैंड टीम के पास सितारों से सजे भारतीय बल्लेबाजी क्रम को अस्थिर करने वाला आक्रमण मौजूद है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह देखने में बहुत दिलचस्पी होगी कि भारत कैसे प्रतिक्रिया देता है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड की यह टीम भारत के गेंदबाजों को सीधे दबाव में डाल सकती है। इससे उनकी लय खराब हो सकती है। वे इसके अभ्यस्त नहीं होंगे क्योंकि अधिकांश टीमें मुकाबले में बने रहने की कोशिश करती हैं लेकिन यह आम तौर पर घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ काम नहीं करता है। कुक ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट को स्पिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया। उन्होंने कहा, 'उसने हाल के वर्षों में उपमहाद्वीप में श्रीलंका और भारत में बहुत सारे रन बनाए हैं। उसने बिना जोखिम उठाए ऐसा किया है। अन्य बल्लेबाज उससे बहुत कुछ सीख सकते हैं।

### केन विलियमसन की चोट पर गैरी स्टीड ने दिया अपडेट

## मुझे विश्वास है कि वह ठीक हो जाएंगे



न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को केन विलियमसन की चोट के बारे में खुलासा किया और उन्हें विश्वास है कि बल्लेबाज 4 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट शुरू होने से पहले ठीक हो जाएगा। पिछले हफ्ते कीवी कप्तान को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की टी20आई श्रृंखला के आखिरी तीन मैचों से बाहर कर दिया गया था। विलियमसन के बारे में बात करते हुए स्टीड ने कहा कि ट्रेनिंग पर वापस आने से पहले उन्हें दो दिन और लगेंगे। उन्होंने कहा कि यह मामूली परेशानी थी जो 33 वर्षीय खिलाड़ी को पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वह ठीक हो जाएगा। शायद उसे प्रशिक्षण शुरू करने से पहले एक या दो दिन का समय मिलेगा और यह एक छोटी सी परेशानी थी, जो अच्छी बात है। इसलिए हम इसे बढ़ाना नहीं चाहते थे और हमने ऐसा नहीं किया। आगे आने वाली महत्वपूर्ण श्रृंखलाओं के साथ इसे बढ़ाने का मुद्दा देखें। वह स्पष्ट रूप से एक प्रमुख खिलाड़ी है और हम यह जानते हैं और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमने उसे उपलब्ध होने का हर मौका दिया है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 4 फरवरी से शुरू होगी और 13 फरवरी को खत्म होगी। पहला टेस्ट मैच बे ओवल में खेला जाएगा। सेडॉन पार्क दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा, मैक्सवेल-रिचर्डसन बाहर

नई दिल्ली-ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 सदस्यीय वनडे टीम की घोषणा की जिसमें ग्लेन मैक्सवेल को आराम दिया गया और झाय रिचर्डसन चोट के कारण बाहर हो गए। हालांकि



युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क और अनकैप्ड स्पीडस्टर जेवियर बार्टलेट को ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम में चुना गया है।

ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में से एक माने जाते 21 वर्षीय फ्रेजर-मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया में इस सीजन की शुरुआत में मार्श कप में 29 गेंदों में विश्व-रिकॉर्ड शतक लगाया और मैक्सवेल की जगह ली। मौजूदा बिग बैश लीग (बीबीएल) में फ्रेजर-मैकगर्क मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेल रहे हैं, जहां उन्होंने पहला प्रथम श्रेणी शतक बनाया और 158.64 की स्ट्राइक रेट के साथ 257 रन बनाए।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार मैक्सवेल को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20आई से पहले कार्यभार का प्रबंधन करने के लिए आराम दिया गया था। डेविड वार्नर के संन्यास के बाद मैट शॉर्ट को ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए ओपनिंग करने का मौका मिलने की संभावना है। इस बीच लांस मॉरिस ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं।

ऑल-फॉर्मेट ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को तीन वनडे मैचों के लिए आराम दिया गया है।

## सात्विक-चिराग हटे, भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे प्रणय



जकार्ता। स्टार एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे क्योंकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई है। लगातार दो टूर्नामेंट मलेशिया मास्टर्स 1000 और इंडिया ओपन 750 में उपविजेता रहने के बाद एशियाई खेलों की चैंपियन सात्विक और चिराग की जोड़ी ने व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए काम के बोझ को कम करने के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

भारतीय जोड़ी के हटने से टूर्नामेंट की चमक कुछ कम होगी लेकिन दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पुरुष एकल में 32 खिलाड़ियों में ड्रॉ में सातवीं वरीयता के साथ प्रणय एकमात्र वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी हैं। वह अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर के लोह कीन यीयु के खिलाफ करेंगे जिनके खिलाफ उनकी जीत-हार का रिकॉर्ड 4-1 है।

दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी यीयु ने प्रणय के खिलाफ एकमात्र मुकाबला 2021 विश्व चैंपियनशिप के दौरान जीता था। इसके बाद प्रणय ने यीयु को लगातार दो मुकाबलों में हराया। उन्होंने सिंगापुर के खिलाड़ी को पिछली बार पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के दौरान हराया था। प्रणय पिछले हफ्ते इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंचे थे जहां उन्हें बाद में चैंपियन बने चीन के शी युकी के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। इससे पहले वह मलेशिया ओपन सुपर 1000 के पहले दौर में हार गए थे।

दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन पर भी सभी की नजरें रहेंगी। उन्हें पहले दौर में चीन के वेंग होंग येंग से भिड़ना है। चीन के दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी वेंग ने लक्ष्य के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं और दो हफ्ते पहले मलेशिया ओपन में भी जीत दर्ज की थी। पिछले साल कनाडा ओपन में खिताब के बाद से लक्ष्य खराब दौर का सामना कर रहे हैं और लगातार आठ टूर्नामेंट में पहले दौर में बाहर हो चुके हैं।

पिछले हफ्ते लक्ष्य को इंडिया ओपन में भारतीय टीम के अपने साथी प्रियांशु राजावत के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी और दुनिया का यह आठवें नंबर का पूर्व खिलाड़ी लय हासिल करने के इरादे से उतरेगा। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ेंगे जबकि 30वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु की भिड़ंत डेनमार्क के रासमुस गेम्के से होगी।

चिराग और सात्विक की गैरमौजूदगी में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला पुरुष युगल में एकमात्र भारतीय जोड़ी होगी। इस जोड़ी को पहले दौर में गोह जे फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की जोड़ी से खेलना है। महिला युगल और मिश्रित युगल में भारत की कोई जोड़ी नहीं उतरेगी।




# ओटीटी पर दस्तक नहीं देगी एनिमल? नेटफ्लिक्स और टी सीरीज को समन

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। ए सर्टिफिकेट वाली इस विवादित मूवी की ब्लॉकबस्टर सफलता ने इसके आलोचकों को हैरान कर दिया है। पर्दे के बाद इसके ओटीटी रिलीज को लेकर भी बवाल मचा हुआ है। हाल ही में फिल्म एनिमल के सह-निर्माताओं में से एक सिने1 स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड ने ओटीटी प्लेटफार्मों पर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब हाई कोर्ट ने दायर मुकदमे पर समन जारी कर दिया है। यह मुकदमा टी-सीरीज के खिलाफ दायर किया गया है, जिसमें फिल्म को किसी भी स्ट्रीमिंग या सैटेलाइट प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई है।

## दिल्ली हाई कोर्ट का नेटफ्लिक्स-टी सीरीज को समन

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने मुकदमा स्वीकार करने के बाद प्रतिवादियों यानी कि टी सीरीज और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को समन जारी किया और लिखित बयान दाखिल करने का समय दिया। न्यायमूर्ति नरूला ने निर्देश दिया, लिखित बयान के साथ प्रतिवादी, वादी के दस्तावेजों को स्वीकार या अस्वीकार करने का एक हलफनामा भी दाखिल करेंगे, जिसके बिना लिखित बयान को रिकॉर्ड पर नहीं लिया जाएगा। कोर्ट ने वादी को लिखित बयान की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर प्रतिकृति दाखिल करने की छूट दी है।

## ओटीटी रिलीज रोकने की क्यों है मांग?

सिने1 स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड ने सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट (टी-सीरीज) पर आरोप लगाया कि उन्होंने समझौते का उल्लंघन किया है, और उन्हें अपने हिस्से का एक भी पैसा नहीं मिला है। इसके जवाब में सुपर कैसेट्स ने कहा कि याचिकाकर्ता को 2.6 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था, जिसकी जानकारी उन्होंने अदालत के सामने नहीं रखी। कोर्ट में सिने1 स्टूडियोज की ओर से कहा गया कि कि दो प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म के निर्माण के लिए एक समझौता किया था। समझौते के तहत सिने 1 के पास 35 प्रतिशत लाभ का हिस्सा था, लेकिन सुपर कैसेट्स ने सिने1 स्टूडियोज की मंजूरी के बिना फिल्म बनाने, प्रचार करने और रिलीज करने के लिए इसे खर्च किया और बिना कोई डिटेल साझा किए बॉक्स ऑफिस बिक्री पर लाभ कमाया। इसके बावजूद सिने1 स्टूडियोज को एक पैसा नहीं दिया गया।



# मुझे एक्शन पसंद है, असल जिंदगी में कॉप होती तो आई.पी.एफ. जैसी

अजय देवगन, अक्षय कुमार और रणवीर सिंह के बाद रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में कई नए नाम जुड़ गए हैं। अब यह यूनिवर्स समय के साथ और बड़ा हो गया है, ऐसे में बड़े पर्दे से निकलकर जल्द ही यह ओ.टी.टी. पर दमदार दस्तक दे रहा है। रोहित शेट्टी की पहली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स रिलीज हो गई रही है। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, विवेक ओबेरॉय के साथ कॉप यूनिवर्स की पहली फीमैल कॉप के रूप में शिल्पा शेट्टी नजर आएंगी।

### रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में पहली फीमैल कॉप बनने पर आपका कैसा रिएक्शन था?

मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मेरे साथ कोई मजाक कर रहा है। मेरे पास पहले उनकी टीम से किसी का फोन आया कि रोहित एक सीरीज में पुलिस के रोल से रिलेटेड आपसे बात करना चाहते हैं, तब मैंने बात को सीरियसली नहीं लिया। एक घंटे बाद खुद रोहित ने मुझे फोन किया। खुशी भी थी और टैंशन भी हुई। मुझे लगा कि शायद नहीं हो पाएगा, क्योंकि मैं सुखी के लिए शूट पर निकल रही थी। इसके बाद जब वियान के चेहरे पर मैंने इसके लिए एक्साइटमैंट देखा तो मैं इस रोल के लिए और ज्यादा पुख्ता हो गई। वह बोला कि मां कुछ भी हो जाए यह रोल तो आपको करना ही है।

### तैयारी का समय कम था, ऐसे में आपने पुलिस के रोल के लिए खुद को कैसे तैयार किया?

मेरे हिसाब से आप लोगों ने 'सुखी' के चेहरे पर जो थकावट देखी, वह इसलिए थी, क्योंकि मैं इधर से उधर ज्यादा जा रही थी। यहां तारा शेट्टी में गुस्सा दिख रहा था, वह सारा सुखी का फस्ट्रेशन था, जो निकल रहा था। दोनों ही किरदार में सब कुछ उभर कर सामने आया। यह मेरी 90 के दशक की ट्रेनिंग थी समझो, क्योंकि हमने उस दौरान बहुत काम किया है। मुझे याद है एक समय में मैंने दोचदो शिफ्ट की है।

### तारा शेट्टी से खुद को कैसे रिलेट करती हैं?

च मेरे हिसाब से दोनों में कुछ चीजें काफी मेल खाती हैं। मुझे एक्शन बहुत पसंद है और मैंने इसे बहुत ज्यादा एंजॉय भी किया। अगर मैं असल जिंदगी में कॉप होती तो ऐसी ही होती। यह एक जिम्मेदारी है, जिसे तारा बहुत निस्वार्थ भाव से निभाती है। यही चीज मुझमें और तारा में एक जैसी है और सबसे बड़ी समानता यह है कि हम दोनों ही शेट्टी हैं।

### आपके हर किरदार को दर्शकों ने खूब प्यार दिया, रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में एंट्री ले रहें है तो क्या उम्मीदें हैं?

प्यार तो पहले ही बहुत मिल चुका है, टीम से भी और रोहित भाई से भी। अब भगवान करे हमने जो विक्रम बख्शी का किरदार निभाया है उसे ऑडियंस से भी प्यार मिले। वह एक रियल लाइफ हीरो हैं और अच्छे पुलिस अफसर भी हैं। मुझे पिता जी की फिल्म तेजाब याद आती है, तब मैं स्कूल में था, मैं अपने कजन के साथ छुपचछुप के वह फिल्म देखने गया था उसमें जो पापा का किरदार था जब वह अनिल कपूर को बचाते हैं, बेल्ट से पीटते हैं तब थिएटर में सीटियां बजी थीं। मेरा भी इसमें कुछ वैसा ही किरदार है तो मैंने पापा को फोन किया वह इमोशनल मोमैंट था।

### आपने इंडस्ट्री में 2 दर्शक से ज्यादा काम किया। ऐसा क्या है जो पहले था, लेकिन आज नहीं जिसे आप मिस करते हों?

चपॉजीटिव नैगेटिव दोनों ही हैं। जब हम आए थे, तब कई बार ऐसा भी हुआ था जब हम तैयारी करके सेट पर पहुंचते थे और वहां बोला जाता था कि आज यह शूट नहीं है आज कोई और है तो बहुत कन्फूजन होता था, लेकिन उस समय अपनापन बहुत था। एक विश्वास भी था और मीडिया के साथ भी एक अलग ही रिश्ता था, लेकिन आजकल सब कुछ बदल गया है। आजकल कैलकुलेशन बहुत होती है और इमोशन जीरो हो गया है।

### इंडस्ट्री में सर्वाइव करने का कोई ख़ास मंत्र?

किसी भी इंडस्ट्री या फील्ड में सर्वाइव करना है तो एक चीज़ का ख्याल रखें , मेरे पिता जी ने मुझे बताया था कि हम बहुत सारी चीज़ों को बहुत पर्सनल ले लेते हैं हम सक्सेस को भी पर्सनली ले लेते हैं और फेलियर को भी और दोनों ही हमें इफ़ेक्ट करते हैं जिससे संतुलन बिगड़ जाता है। पिता जी ने मुझे सिखाया कि सक्सेस हुए तो पीछे छोड़ दो फेलियर हुए तो भी पीछे छोड़ दो। ज़िंदगी एक सड़क है जिसमें आप गाडी चला रहे हैं आप रिव्यु मिरर में देख कर गाडी नहीं चला सकते, एक्सीडेंट हो जाएगा। बस आगे ही देखना है।

# पुष्पा 2 में आइटम सॉन्ग करेंगी श्रीलीला

पुष्पा में ऊ अंटावा सॉन्ग से धमाल मचाने वालीं सामंथा रुथ प्रभु अब पुष्पा 2 में नहीं होंगी। रिपोर्ट्स हैं कि सामंथा को पुष्पा 2 में श्रीलीला ने रिप्लेस कर दिया है और 2 करोड़ फीस मांगी। पुष्पा 2 का बजट 500 करोड़ रुपये बताया जा रहा है और यह 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी। सामंथा रुथ प्रभु ने पुष्पा में अपने डांस नंबर ऊ अंटावा से हर किसी को दीवाना बना लिया था। एक्ट्रेस के डांस स्टेप्स के साथ-साथ गाने पर भी खूब इंस्टाग्राम रील्स बनने लगे थे। लेकिन अब पुष्पा 2 में सामंथा रुथ प्रभु का ऐसा जलवा देखने को नहीं मिलेगा। खबर है कि उन्हें एक्ट्रेस श्रीलीला ने रिप्लेस कर दिया है। अब अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा- द रूल में श्रीलीला अपने आइटम सॉन्ग से तहलका मचाती नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सामंथा को ऊ अंटावा के लिए 5 करोड़ रुपये फीस दी गई थी। गाना ब्लॉकबस्टर रहा था, और सामंथा को भी खूब पसंद किया गया था लेकिन अब उनकी जगह पुष्पा 2 में श्रीलीला की खबरें हैं। बताया जा रहा है कि श्रीलीला को पुष्पा 2 के लिए चुन लिया गया है, और उन्होंने डांस नंबर के लिए 2 करोड़ की फीस मांगी है। वैसे बता दें कि श्रीलीला ने अल्लू अर्जुन के साथ एक विज्ञापन में काम किया है। लेकिन यह पहली बार है, जब दोनों किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे।




# चंदू चैंपियन में इस वर्ल्ड चैंपियन से मुकाबला करेंगे कार्तिक

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान कर रहे हैं फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस कार्तिक को चैंपियन के रोल में देखने के लिए उत्साहित है। फिलहाल, कार्तिक इस फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं शनिवार को अभिनेता ने बॉक्सिंग विश्व चैंपियन सेना एगबेको के साथ एक तस्वीर शेयर की इस तस्वीर के कैप्शन में कार्तिक ने लिखा कि कल इस हैप्पी बीस्ट से लड़ूंगा।





# रोहित ने बताया शाहरुख के साथ दोबारा क्यों नहीं किया काम



बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक रोहित शेट्टी इन दिनों अपनी एक्शन वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स को लेकर चर्चा में हैं। रोहित ने इस वेब सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू किया है। रोहित ने अपने करियर में शाहरुख खान के साथ भी काम किया। उन्होंने किंग खान के साथ चेन्नई एक्सप्रेस और दिलवाले जैसी फिल्में बनाई, जो उनके करियर की लोकप्रिय फिल्मों में से एक रही, लेकिन दिलवाले के बाद से रोहित ने शाहरुख के साथ दोबारा काम नहीं किया, इसको लेकर कई तरह की अफवाहें भी सामने आई कि दोनों के बीच झगड़ा हो गया या दोनों एक दूसरे से नाराज हैं, अब रोहित ने इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक साक्षत्कार में रोहित ने शाहरुख खान को लेकर खुलकर बात की। शाहरुख के साथ लगभग एक दशक से काम न करने और दोनों के बीच कुछ गड़बड़ होने के सवाल पर पहले रोहित पहले खूब हंसे और फिर कहा, हम दोनों के बीच सबकुछ ठीक है ऐसा कुछ नहीं है।

रोहित ने इस दौरान शाहरुख खान के साथ आने वाले दिनों में काम करने को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, कोई अच्छी कहानी मिलने के बाद काम करूंगा, जो चेन्नई एक्सप्रेस से बड़ी हो। सबसे महत्वपूर्ण चीज रहती है कि कभी ऐसा कोई विषय आया तो क्यों नहीं करूंगा मैं, जरूर करूंगा। फिलहाल, रोहित अजय देवगन और करीना कपूर खान के साथ सिंघम अगेन की शूटिंग कर रहे हैं, इसके अलावा उनके कॉप यूनिवर्स की अगले प्रोजेक्ट में दीपिका पादुकोण भी नजर आने वाली हैं। रोहित की हालिया रिलीज इंडियन पुलिस फोर्स को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

इस दौरान रोहित ने अपने पिता और बॉलीवुड के मशहूर स्टंटमैन एमबी शेट्टी के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि बॉम्बे 405 माइल्स के सेट पर हुई एक दुर्घटना उनके निधन का कारण बनी। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान एक स्टंटमैन घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई, उसकी मौत का कारण उनके पिता खुद को मानने लगे और शराब के आदी हो गए। उन्होंने काम करना भी बंद कर दिया और एक साल बाद उनका निधन हो गया।



# अलाया एफ ने साझा किया राजकुमार राव के साथ काम करने का अनुभव

**अभिनेत्री अलाया एफ ने जवानी जानेमन से अपने करियर की शुरुआत की। अब वे अपनी आने वाली फिल्म श्री का इंतजार कर रही हैं। इस बायोपिक में वे बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और ज्योतिका के साथ नजर आएंगी। तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारतीय दूरदर्शी श्रीकांत बोला के उल्लेखनीय जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है और अलाया एफ ऐसी प्रभावशाली कहानी में योगदान देने के लिए रोमांचित हैं। अभिनेत्री ने फिल्म में काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया।**

### राजकुमार के साथ ऐसा था काम करने का अनुभव

हाल ही में दिए साक्षात्कार में अलाया एफ ने श्रीकांत बोला के जीवन जैसी महत्वपूर्ण कहानी वाली परियोजना का हिस्सा बनने पर अपना उत्साह व्यक्त किया। अभिनेत्री ने कहा कि भले ही फिल्म में उनकी भूमिका छोटी हो, लेकिन वे इस फिल्म का हिस्सा बनकर संतुष्ट हैं। अलाया एफ ने साझा किया कि राजकुमार में काफी जटिलताएं हैं और वे पूरी फिल्म के भार को उठा लेते हैं।

अभिनेत्री को कहानी काफी पसंद आई। उसने सोचा कि यह वास्तव में एक प्यारी और प्रेरणादायक कहानी है और वह किसी भी तरह से इसका हिस्सा बनना चाहती थीं। उन्होंने कहा, राजकुमार इस फिल्म में सारा भारी काम कर रहे हैं। मैं एक अद्भुत प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर खुश हूं।

फिल्म की कहानी के बारे में बात करते हुए अलाया एफ ने कहा, जब मैंने इस फिल्म की पटकथा पढ़ी तो मुझे याद है कि मैंने मन ही मन सोचा था कि यह अविश्वसनीय है। यह वास्तविक कहानी है। श्रीकांत बोला ने जो किया है, वह अविश्वसनीय है। उनका जीवन की कहानी बहुत प्रेरणादायक और अविश्वसनीय है। ऐसी कहानी का हिस्सा बनने में सक्षम होना अद्भुत है। यह एक ऐसी शैली है, जो मुझे पसंद है। मुझे बायोपिक्स पसंद हैं। मुझे प्रेरणादायक कहानियां पसंद हैं। मैं इसका हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं।



# कैटरीना ने नेगेटिव भूमिका अदा करने की जताई इच्छा

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ इन दिनों फिल्म मेरी क्रिसमस को लेकर चर्चा में हैं। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कैटरीना के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। कैटरीना ने फिल्मी भूमिकाओं के प्रति अपने नजरिए के बारे में खुलकर बात की। कैटरीना अपने बहुमुखी अभिनय और फिल्मों में अलग-अलग किस्म की भूमिकाएं अदा करने के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने अब नेगेटिव रोल करने की इच्छा जाहिर की है। बातचीत के दौरान कैटरीना ने किरदारों के चयन को लेकर कहा, एक कलाकार के रूप में, काफी कुछ सेल्फ-एक्सप्रेशन वाला मामला है। मैं इसे आजादी नहीं कहूंगी। यह आत्मविश्वास की बात है कि आप क्या सोचते हैं कि कौन-सा किरदार आपके लिए सही है। कैटरीना ने अपनी निजी तरक्की और अनुभवों के चलते आने वाले बदलावों पर भी बात की। कैटरीना ने कहा, इंसान 20 वर्ष की उम्र में जैसा होता है, वह अपनी उम्र के 30वें वर्ष में भी वैसा नहीं हो सकता। कैटरीना ने आगे और भी अलग-अलग किस्म की भूमिकाएं अदा करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा कि वे आगे नेगेटिव भूमिकाएं करना पसंद करेंगी। एक्ट्रेस ने कहा, आप जानते हैं कि बिना वजह के कोई नकारात्मक नहीं होता। नेगेटिव भूमिकाओं के अलावा कैटरीना ने पीरियड फिल्मों का हिस्सा बनने की भी इच्छा जाहिर की।





## कैमरे की नजर से अयोध्या धाम

# मोहक स्वरूप, बाल रुप, अलौकिक छवि

500 वर्षों के लम्बे इंतजार के बाद महज 84 सेकेंड में करोड़ों रामभक्तों का सपना सोमवार 22 जनवरी 2024 को पूरा हो गया। अयोध्या धाम में भव्य श्री राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनिंदा पुजारियों की देखरेख में मुख्य अनुष्ठान किया। इस अलौकिक, ऐतिहासिक व दिव्य क्षण के करोड़ों भक्त गवाह बने। कैमरे ने भी इस अलौकिक क्षण को कैद किया है।

















